हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



छोटी-बड़ी गणपति मूर्तियों का बड़ा कारोबार

छत्तीसगढ़ में 700 करोड़ का अनुमान

खास बातें

- छोटे गणपति के दाम 500 से 7000 और बड़े के 50 हजार से 5 लाख तक
- छत्तीसगढ़ के घरों में विराजमान होती हैं करीब 50 लाख गणपति की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेश चतुर्थी मंगलवार को है। इस दिन प्रदेश में गणपति विराजमान होंगे। छत्तीसगढ़ में करीब 50 लाख गणपति की प्रतिमाएं घरों में विराजमान होती हैं और 20 हजार से ज्यादा बड़े गणपति सार्वजनिक समितियों द्वारा रखे जाते हैं। बाजार में छोटे गणपति के दाम जहां 500 से 7000 ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

रायपुर में एक लाख छोटी प्रतिमाएं



प्रदेश में छोटे गणपति का ही बड़ा कारोबार होता है। जानकारों के मुताबिक प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा घरों में छोटे गणपति विराजमान होते हैं। राजधानी रायपुर में ही करीब एक लाख छोटी गणेश प्रतिमाएं बिकती हैं। औसत कीमत एक हजार मान ले तो इसका 500 करोड़ का कारोबार होता है।

दाम करीब डबल

इस बार गणपति के दाम भी करीब डबल हो गए हैं। आजाद चौक के एक दुकानदार किशोर साहू ने बताया, बीते साल उनकी दुकान में दो सौ रुपए से छोटे गणपति प्रारंभ हो जाते थे, लेकिन इस बार चार सौ रुपए से कम दाम के गणपति संभव ही नहीं हैं। हर साइज के गणपति के दाम 40 से 50 फीसदी बढ़ गए हैं। रंगों से साथ श्रृंगार का सामान भी महंगा हो गया है।

50 वर्ष में पहली बार गणपति स्थापना संग तीज, 9 वर्ष पश्चात गणेशोत्सव 12 दिनों का

प्रातः 7 बजकर 6 मिनट से चतुर्थी तिथि प्रारंभ किंतु सूर्योदय के समय तृतीया तिथि

चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 14 सितंबर को प्रातः काल 7 बजकर 6 मिनट पर होगा और 15 सितंबर को प्रातः काल 7 बजकर 44 पर चतुर्थी तिथि का समापन होगा, इसलिए मध्याह्न व्यापनी चतुर्थी में 14 सितंबर को श्री गणेश जी की स्थापना होगी और इसी के साथ 11 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ होगा। घरों और पंडालों में गणेश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 50 मिनट से दोपहर 1 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसके साथ ही हरतालिका तीज भाद्रपद शुक्ल तृतीया का व्रत उदयातिथि के अनुसार 13 और 14 सितम्बर को स्पर्श कर रहा है। तृतीया तिथि का प्रारम्भ 13 सितम्बर ▶▶|शेष पेज 7 पर

चतुर्थी तिथि दो दिन, इसलिए गणेशोत्सव 12 दिनों का

गणेशोत्सव 10 दिनों का होता है, 11वें दिन प्रतिमा विसर्जित की जाती है। गणेशोत्सव भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी (गणेश चतुर्थी) से शुरू होकर अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) तक चलता है। इस साल भगवान गणेश की स्थापना ▶▶|शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹114620/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹139990/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹152812/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

*Conditions apply

ANAND Jewels Pandri, Raipur

खबर संक्षेप

जहरीली शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

सागर। मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से 16 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने रविवार तड़के एक और आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी शिवांजय राजपूत पर 30 हजार रुपये का इनाम था और मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। आरोपी राजपूत (21) ने कठुआ नाला वन क्षेत्र के पास तलाशी अभियान के दौरान पुलिस दल पर कथित तौर पर तीन गोलियां चलाईं।

वैश्विक सहयोग और साझा विकास के नए एजेंडे के साथ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन

ब्रिक्स से मोदी का संदेश, टेक्नोलॉजी और क्रिटिकल मिनरल्स को न बनाएं हथियार

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन वैश्विक सहयोग और साझा विकास के नए एजेंडे के साथ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच तकनीक और महत्वपूर्ण खनिजों को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करने पर चिंता जताई। ब्रिक्स देशों से सहयोग, लचीलापन व समावेशी विकास को मजबूत करने का आह्वान किया। मोदी ने दो टूक कहा, तकनीक और खनिज को दबाव का हथियार न बनाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का दुनियाभर में आम लोगों के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और ऐसे में इन चुनौतियों से निपटने तथा मानवता के हित में आगे बढ़ने के लिए ब्रिक्स देशों को सहयोग और समावेशी विकास के माध्यम से मजबूत होकर उभरना होगा। भारत द्वारा आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने 'प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों को रणनीतिक दबाव के साधन के रूप में इस्तेमाल करने' को लेकर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 7 पर

एजेंडे के चार स्तंभ

1. लचीलापन 2 नवाचार
3. सहयोग 4. स्थिरता

क्या हासिल हुआ

- आतंकवाद पर कड़ा संदेश
- एकतरफा टैरिफ और प्रतिबंधों का विरोध
- स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पर जोर
- एआई सहयोग को बढ़ाने पर सहमति
- स्टार्टअप और इनोवेशन नेटवर्क का प्रस्ताव
- संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए एकीकृत चेतावनी प्रणाली पर सहमति



अब चीन की बारी, 2027 में ब्रिक्स की मेजबानी

भारत में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल समापन के साथ ही समूह की अध्यक्षता चीन को सौंप दी गई। अब 2027 में ब्रिक्स का अगला शिखर सम्मेलन चीन की मेजबानी में होगा, जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था, तकनीक, व्यापार और बहुपक्षीय सहयोग के एजेंडे को आगे बढ़ाने की चुनौती चीन के सामने होगी।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दिया बीमा तंत्र का सुझाव

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को ब्रिक्स देशों के बीच एक नए बीमा तंत्र और अनाज बाजार के लिए संयुक्त पहल का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही उन्होंने गंभीर वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए समूह से एक समग्र नजरिया अपनाने का आह्वान किया। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए कड़े प्रतिबंधों के बीच ब्रिक्स सदस्य देशों के साथ ही 'ग्लोबल साउथ' के देशों में आर्थिक वृद्धि के लिए इन नई पहल की पेशकश की।

जिनपिंग ने रखा 5-सूत्रीय पहल का प्रस्ताव

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स को आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित रखने और एक बड़ा एकीकृत बाजार बनाने के लिए उभरते बाजारों और 'ग्लोबल साउथ' के साथ अपने करीबी रिश्तों का लाभ उठाना चाहिए। जिनपिंग ने व्यापार, विनिर्माण, निवेश और प्रौद्योगिकी में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पांच-सूत्रीय पहल का प्रस्ताव भी रखा।

भारत ने 8वीं बार जीता एशिया कप



भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से नहीं ली ट्रॉफी

दुबई। विमेन्स एशिया कप 2026 के रोमांचक फाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 72 रनों से हराकर चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली। भारत ने 8वीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत ने वनडे फॉर्मेट में साल 2004, 2005, 2006 और 2008 में जीता था, जबकि टी20 फॉर्मेट में साल 2012, 2016, 2022 और 2026 में ट्रॉफी अपने नाम की है। भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाए। भारत के लिए शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी की और अर्धशतक जड़े। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद ट्रॉफी प्रेजेंटेशन में भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष और पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली।

मुख्य सचिव कमेटी ने विशेषज्ञों के सुझाव पर लिया फैसला

अब नेत्रहीन दिव्यांग भी बन सकेंगे प्रथम-द्वितीय श्रेणी अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पौने आठ लाख के करीब दिव्यांगों के लिए ये खबर बेहद अहम है कि राज्य सरकार ने उनके लिए सरकारी नौकरियों में पदों की पहचान कर ली है, यानी पद चिन्हांकित किए हैं। साथ ही अब ब्लाइंड (नेत्रहीन) दिव्यांग भी प्रथम और द्वित्तीय श्रेणी के अफसर तथा कर्मी बन सकेंगे। राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने विशेषज्ञ समिति की अनुशंसा के आधार पर यह निर्णय लिया है। अलग-अलग श्रेणी के दिव्यांगों के लिए अलग-अलग पद तय किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए सरकारी नौकरियों में चिन्हित पदों की संशोधित सूची जारी की है। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों को दिव्यांगता की अलग-अलग श्रेणियों के लिए चिन्हित किया गया है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

अन्य श्रेणी के दिव्यांगों के लिए पद सुरक्षित, कई पदों के लिए अमान्य भी



खास खबर

पदोन्नति में भी मिलेगा लाभ

एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। यदि किसी पद का पोषक वर्ग यानी फीडर कैडर दिव्यांगजनों के लिए चिन्हित है तो उससे संबंधित पदोन्नति वाला पद भी उसी के अनुसार स्वतः चिन्हित माना जाएगा। इसका मतलब है कि चिह्नांकन केवल सीधी भर्ती तक सीमित नहीं रहेगा। संबंधित पदोन्नति वाले पदों पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा।

मेडिकल बोर्ड की जांच के बाद होगी नियुक्ति

किसी भी चिन्हित पद पर नियुक्ति के समय राज्य मेडिकल बोर्ड द्वारा शारीरिक अक्षमता की जांच और दिव्यांगता प्रमाणपत्र की सत्यता की पुष्टि अनिवार्य होगी। इसके बाद संबंधित विभाग अभ्यर्थी की पद के लिए उपयुक्तता का परीक्षण करेगा। सीधी भर्ती में आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र रखने वाले बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति को ही दिया जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार के समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश ▶▶|शेष पेज 7 पर

ट्रॉयल सफल, तेज माल ढुलाई की दिशा में बड़ा कदम

130 किमी की रफ्तार से दौड़ी 'वंदे भारत मालगाड़ी'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की पहली वंदे भारत फ्रेट ईएमयू (वंदे भारत मालगाड़ी) का शनिवार और रविवार को पश्चिम रेलवे के नेटवर्क पर 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रायल किया गया। यह ट्रायल अहमदाबाद से मुंबई सेंट्रल के बीच शनिवार और मुंबई सेंट्रल से अहमदाबाद के बीच रविवार को हुआ। यह ट्रायल रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया गया। जांच के लिए अहमदाबाद–वडोदरा–मुंबई सेंट्रल सेक्शन पर कंफर्मेटरी ओसिलोग्राफ कार रन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य फ्रेट ईएमयू की स्थिरता, चलने की क्षमता और 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की जांच करना था।

आधुनिक तकनीक एवं सुविधाओं से लैस

वंदे भारत फ्रेट ईएमयू में पार्सल परिवहन को तेज एवं सुरक्षित बनाने के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इनमें 6 कोच वाली फ्रेट ईएमयू संरचना, पार्सल कोच के साथ प्रशीतित वैन की सुविधा, तेज एवं सुगम लोडिंग-अनलोडिंग के लिए चौड़े स्वचालित दरवाजे, पैलेट आधारित लोडिंग के लिए रोलर फ्लोर, सीसीटीवी निगरानी एवं अग्नि संसूचन प्रणाली, स्वचालित दरवाजा लॉकिंग प्रणाली, उच्च गति पर स्थिरता एवं सुरक्षा की उन्नत व्यवस्थाएं और कवच जैसी आधुनिक सुरक्षा प्रणाली शामिल हैं।



सेंसर से जुटाया गया डेटा

इस फ्रेट रेक में 50% पावर लोडिंग और 20.32 टन एक्सल लोड वाला कोच लगाया गया था। ट्रेन में लगे सेंसर और डेटा एक्विजिशन सिस्टम के जरिए रनिंग के दौरान कई तरह की जानकारी रिकॉर्ड की गई। इस डेटा से आरडीएसओ यह जांच करेगा कि 130 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार पर ट्रेन किस तरह चलती है और उसकी स्थिरता व प्रदर्शन कैसा रहता है। ट्रायल में वंदे भारत क्रू के साथ गार्ड, चीफ लोको इंस्पेक्टर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर और परमानेंट वे इंस्पेक्टर भी मौजूद रहे।

तेज माल ढुलाई में इस्तेमाल

दो दिन के इस ट्रायल से मिलने वाले डेटा के आधार पर रेलवे को यह तय करने में मदद मिलेगी कि वंदे भारत को तेज माल ढुलाई के लिए किस तरह इस्तेमाल किया जा सकता है। यह ट्रायल इसलिए अहम है क्योंकि अगर वंदे भारत तकनीक पर आधारित फ्रेट सेवा सफल रहती है, तो हाई-वैल्यू और समय के लिहाज से महत्वपूर्ण सामान को मौजूदा मालगाड़ियों की तुलना में अधिक तेज और भरोसेमंद तरीके से पहुंचने की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

RAMA EIKO
The Urban Forest

Be one with nature, while living the urban life.







7 Acres of Green Landscape
A lake, a 730 m jogging track and hundreds of native trees landscaped by STGK, Japan.

Premium Plots from 4,000+ Sq. Ft.
East and west facing, Vaastu-compliant, along the forest. Build to your own design.

Luxury Floors from 7,000+ Sq. Ft.
One home per floor. Private elevator, private foyer, staggered decks on both sides, three covered car parks.

Scattered Clubhouse
Three blocks and five zones pool, meditation, leisure, sports and kids play across the site, open to every owner – Plot, villa or floor.

Discover Rama Eiko. Plan Your Visit Today.

RAMA GROUP
Building a Better Tomorrow

70491 10000 / 20000 / 30000 / 40000
Site Address - Rama Eiko, Near Palm Bellagio, Shankar Nagar, Raipur
Chhattisgarh- 492007 | www.ramaeiko.com | sales@ramaeiko.com

RERA Reg. Number
PCGRERA200924001830
RERA Reg. Number
PCGRERA130326002060
RERA Reg. Number
PCGRERA240726002122

रायपुर, सोमवार 14 सितंबर 2026 भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 25, अंक : 55 | पृष्ठ : 12+8= 20 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com



हरतालिका तीज की मंगलकामनाएं

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

गणेश चतुर्थी की मंगलकामनाएं



सबसे कम कीमत पर आभूषण NOW OPEN ANAND Gold पंडरी, रायपुर

देवताओं की अनोखी अदालत में 157 मामलों की सुनवाई, 35 को उम्रकैद

चिराग उपाध्याय ▶▶| केशकाल

खास खबर

बस्तर अंचल की लोक आस्था और अनूठी आदिवासी परंपराओं में केशकाल की प्रसिद्ध भादो जात्रा के दूसरे दिन एक ऐसी अनूठी परंपरा निभाई जाती है, जिसे स्थानीय लोग 'देवताओं की अदालत' के रूप में जानते हैं। इस अदालत में समाज के लिए हानिकारक माने जाने वाले देवी-देवताओं ▶▶|शेष पेज 7 पर

एक साल तक रिमांड में रहते हैं समाज के लिए हानिकारक माने जाने वाले देवता



एक साल तक चलता है 'रिमांड' का सिलसिला

स्थानीय मान्यता के अनुसार जब किसी देवी-देवता या शक्ति को समाज के लिए हानिकारक माना जाता है, तो उससे जुड़े मामले को देवताओं की अदालत में प्रस्तुत किया जाता है। कुछ मामलों में तत्काल निर्णय नहीं लिया जाता, बल्कि संबंधित देवता को एक वर्ष तक रिमांड पर रखने की परंपरा है। इसके बाद अगले वर्ष भादो जात्रा के दौरान उस मामले को फिर से अदालत में लाया जाता है और परंपरा के अनुसार अंतिम निर्णय सुनाया जाता है। ▶▶|शेष पेज 7 पर





पारंपरिक आस्था से जुड़ी न्याय व्यवस्था: भादो जात्रा के दूसरे दिन देवताओं की अदालत की प्रक्रिया विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहती है। अदालत, न्यायाधीश या कानूनी धाराओं का इस्तेमाल नहीं होता, बल्कि यह स्थानीय आदिवासी आस्था और वर्षों से चली आ रही पारंपरिक मान्यताओं पर आधारित होती है।

आस्था के साथ सामाजिक व्यवस्था का भी संदेश

केशकाल की भादो जात्रा में होने वाली देवताओं की अदालत केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय लोकविश्वास और सामाजिक परंपराओं का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्थानीय मान्यता के अनुसार समाज को नुकसान पहुंचाने वाली शक्तियों के मामलों में देवताओं की अदालत के माध्यम से निर्णय लिया जाता है। यही वजह है कि इस अनूठी परंपरा को देखने के लिए दूर-दराज के ग्रामीण और श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। केशकाल की भादो जात्रा की यह परंपरा बस्तर की समृद्ध ▶▶|शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाए 220 करोड़

नई दिल्ली। आध्यात्मिक गुरु नीम करौली बाबा के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित



फिल्म 'हनुमान अंश' ने बॉक्स ऑफिस पर 227 करोड़ रुपए की कमाई की है। विशाल चतुर्वेदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म मां की मृत्यु के बाद शोक में डूबे युवा लक्ष्मीनारायण की कहानी है, जो ईश्वर की तलाश में आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़ता है।

जमानत मिलने पर जुलूस, कोर्ट खफा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद हत्या के एक आरोपी द्वारा 'विजय जुलूस' निकाले जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए हरियाणा पुलिस को निर्देश दिया कि वह आरोपी को न्यायालय में पेश करे। पीठ ने शिकायतकर्ता के वकील की इस दलील का संज्ञान लिया कि आरोपी ने गवाहों को धमकाया था।

भारत ने भेजी बेली पुल के हिस्सों की पहली खेप

काठमांडू। भारत ने बाढ़ प्रभावित बेत्रावती क्षेत्र में संपर्क बहाल करने में मदद के लिए 70 मीटर लंबे बेली पुल के हिस्सों की पहली खेप नेपाल भेजी है। यह खेप शनिवार को हेटौडा में नेपाल के सड़क प्रभाग को सौंपी गई। उपुल के अन्य हिस्सों की खेप भी आने वाले दिनों में नेपाल पहुंचेगी।



34.18 करोड़ के हेरोइन मामले में लगा मकोका

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 34.18 करोड़ की हेरोइन बरामदगी के मामले में पुलिस ने सरगना अमजद यूसुफ पठान और उसके चार साथियों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम की धाराएं लगाई हैं। तीन राज्यों में 20 गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल पठान और उसके साथियों को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मकोका की धाराएं लगाने की मंजूरी मिलने के बाद आठ सितंबर को ठाणे केंद्रीय कारागार से औपचारिक रूप से हिरासत में लिया गया। यह कार्रवाई एक पुराने मामले के आधार पर की गई है।

मुख्यमंत्री साय ने कलेक्टर को जांच और कार्रवाई के दिए निर्देश, एसडीएम आज सौंपेंगे जांच रिपोर्ट

एकलव्य स्कूल की छात्रा से छेड़छाड़, शिक्षक पर केस, छात्राओं के बयान, आज सौंपेंगे रिपोर्ट

एकलव्य विद्यालय रुद्रारम में अध्ययनरत नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ के मामले में कम्प्यूटर शिक्षक के खिलाफ भोपालपटनम पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। बता दें कि इस मामले में कलेक्टर से शिकायत किए जाने के बाद कार्रवाई आगे बढ़ी है। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मामले में बीजापुर कलेक्टर को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इधर कलेक्टर के हस्तक्षेप के बाद 12 सितम्बर को पीड़िता की माता तथा प्रार्थिया द्वारा थाना भोपालपटनम में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। शिकायत में बताया गया कि एकलव्य विद्यालय रुद्रारम में अध्ययनरत उनकी 14 वर्षीय पुत्री के साथ विद्यालय में कार्यरत कंप्यूटर शिक्षक देवेंद्र दहिया द्वारा पिछले साल 7 अक्टूबर 2025 को गलत नियत से आपत्तिजनक स्पर्श कर छेड़छाड़ की गई। शिकायत के अनुसार आरोपी द्वारा अलग-अलग अवसरों ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि फॉलोअप


एकलव्य आवासीय विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक पर आरोप, शिकायत के बाद फरार

बालिकाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार, कलेक्टर और एसपी से शिकायत, सात छात्राओं ने दिया बयान

आरोपी शिक्षक फरार

सात छात्राओं के बयान

ऐसा कहा जा रहा है कि स्कूल में कई और छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतें हैं। जांच टीम वहां बयान ले रही है। शासन स्तर पर मामले को गंभीरता से लिए जाने के बाद स्कूल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है।

दोषी किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं: साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि बच्चों की सुरक्षा और गरिमा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। दुर्व्यवहार, उत्पीड़न अथवा असुरक्षित वातावरण से संबंधित किसी भी शिकायत को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय में छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार संबंधी समाचार पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर विश्वदीप और पुलिस अधीक्षक को मामले की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएं, उनके आधार पर बिना किसी विलंब के विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। यदि किसी स्तर पर शिकायत की अनदेखी, उसे दबाने का प्रयास अथवा कर्तव्य में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदारों की जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण के संदर्भ में सभी जिलों को व्यापक सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में संचालित ▶▶|शेष पेज 7 पर



धरे गए दो आरोपी

नई स्कार्पियो के साथ 138 किलो गांजा जब्त



एजेंसी ▶▶| अंबिकापुर

रविवार को सरगुजा पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जिले की लुंड्रा, बतौली और जशपुर जिले की बगीचा पुलिस की संयुक्त टीम ने दो तस्करों को पकड़ने के साथ ही उनके पास से 138 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है जबकि एक आरोपी फरार हो गया। बड़ी बात यह है कि आरोपी पुलिस की घेराबंदी को देखकर वाहन छोड़कर भाग निकले जिन्हें ▶▶|शेष पेज 7 पर

चल रही है कार्रवाई

लुंड्रा, बतौली और बगीचा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई की गई। स्कॉर्पियो वाहन से 53 पैकेट गांजा बरामद किया गया। दो आरोपियों अजय बंसल और बलराज सिंह को पकड़ा गया और अमन की तलाश जारी है। सीमावर्ती जिलों को सूचना दी गई है। वाहन, मोबाइल और गांजा समेत 94 लाख से अधिक का मशरूका बरामद किया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी जल्द कर ली जाएगी।

-राकेश बघेल, एसडीओपी

केंद्रीय मंत्री शाह का बड़ा ऐलान

2029 से पहले एनडीए वाले 21 राज्यों में यूसीसी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को यूसीसी को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि साल 2029 तक एनडीए के शासन वाले 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 30 दिन के सेवा संकल्प अभियान का ऐलान करते हुए अमित शाह ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा और सहयोगी दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाएंगे। मुंबई में सेवा संकल्प अभियान को लेकर मीडिया को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि हमने कई राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू की है। हम इस बात को ▶▶|शेष पेज 7 पर



पीएम ने दुनिया में बढ़ाया भारत का मान

गृहमंत्री शाह ने कहा कि पिछले 12 साल में दुनिया में भारत का कद काफी बढ़ा है। दुनिया का कोई भी मुद्दा हो, आज भारत के प्रधानमंत्री की राय को अहमियत दी जाती है। दुनिया भर में लोग भारतीय पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिक को सम्मान की नजर से देखते हैं। नरेंद्र मोदी जी ने भारतीय पासपोर्ट की अहमियत बढ़ाने का काम किया है। इसका नतीजा यह है कि वे दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं।

2047 में होंगे दुनिया में अव्वल

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया है कि 15 अगस्त, 2047 तक भारत सभी क्षेत्रों में सभी देशों से आगे होगा। उन्होंने ने देश में सभी क्षेत्रों में बदलाव की शुरुआत की है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 2014 में भारत को 'फ्रेजाइल फाइव' में शामिल किया गया था, लेकिन आज यह शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

रायबाकिना ने जीता यूएस ओपन का खिताब

न्यूयॉर्क। कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना यूएस ओपन 2026 की महिला एकल चैंपियन बन गई हैं। रायबाकिना का यह पहला यूएस ओपन खिताब है। रायबाकिना फाइनल में बेलारूस की एरिना सबालेंका को हराकर चैंपियन बनीं। अपना पहला यूएस ओपन फाइनल खेल रही रायबाकिना ने सबालेंका को 2 घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-2 से हराया।



मणिपुर में फिर हिंसा, चार की मौत, मासूम को भी लगी गोली

एजेंसी ▶▶| इंफाल

मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में हुई ताजा हिंसा में एक कपल समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस हिंसा में एक छह साल का मासूम भी घायल हो गया है। अधिकारियों की ओर से पुष्टि की गई है कि मणिपुर के तामेंगलोंग में हथियारबंद बदमाशों द्वारा दो अलग-अलग हमलों में एक जोड़े समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक छह साल के नाबालिग को भी गोली लगी।



घायल का इलाज जारी

घायलों को इलाज के लिए असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन अस्पताल ले जाते समय सेनेह सिंगसिट की गोली लगने से मौत हो गई।

वेस्टर्न विलेज वॉलंटियर समूह ने लगाया आरोप

वेस्टर्न विलेज वॉलंटियर नामक कुकी समूह ने अपने सूचना और प्रचार प्रमुख ओबेन सिंगसन के हस्ताक्षर वाले एक बयान में दावा किया कि मृतकों की पहचान लोंगपी गांव के जिली सिंगसन और रियोल गंगटे के रूप में हुई है।

20 लाख रुपए के लोन का दावा निकला झूठा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के नाम पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फर्जी लोन स्वीकृति पत्र को लेकर सरकार ने लोगों को सावधान किया है। इस फर्जी पत्र में 3 हजार रुपए से अधिक की 'एग्रीमेंट फीस' जमा कराने के बदले 20 लाख रुपए का लोन मंजूर किए जाने का दावा किया गया है। सरकार ने इस दावे को पूरी तरह फर्जी बताया है। पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मुद्रा स्वयं किसी व्यक्ति या सूक्ष्म उद्यमी को सीधे लोन उपलब्ध नहीं कराती है। मुद्रा एक पुनर्वित्त एजेंसी है और वह सीधे ऋण देने वाली संस्था नहीं है।

- मुद्रा योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा

उत्तराखंड में 150 और हिमाचल में 110 सड़कें बंद

बारिश-भूस्खलन से रुकी केदारनाथ पैदल यात्रा

एजेंसी ▶▶| रुद्रप्रयाग

बारिश और भूस्खलन के कारण रविवार को केदारनाथ पैदल यात्रा रोक दी गयी। पुलिस के मुताबिक, केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा हैलीपैड के समीप मलबा एवं पत्थर आने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड में बाढ़ और भूस्खलन से अभी भी 150 से अधिक सड़कें बंद हैं। हिमाचल प्रदेश का भी यही हाल है। यहां पिछले 24 घंटों में कई हिस्सों में बारिश हुई, जिससे भूस्खलन के कारण 101 सड़कें ब्लॉक हो गईं।



हिमाचल में भी बाधा

हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन के कारण रविवार सुबह तक सबसे ज्यादा 33 सड़कें मंडी जिले में बंद हैं। कुल्लू में 19 और कांगड़ा में 10 सड़कें अवरुद्ध हैं। शिमला जिले में 31 सड़कें बंद हैं।

बिहार में बाढ़ से 48 लाख से अधिक प्रभावित

बिहार में रविवार को 48 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित रहे। हालांकि नदियों का जलस्तर अब भी खतरे के निशान से ऊपर है। 15 जिलों के 87 प्रखंडों की 575 ग्राम पंचायतों में करीब 48.35 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय और अररिया सबसे अधिक प्रभावित जिलों में शामिल हैं। बिहार में सितंबर में अब तक 108.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 20 प्रतिशत अधिक है।



नाईजीरिया के उपराष्ट्रपति कासिम शेट्टिमा के साथ मोदी।



इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल के साथ पीएम मोदी।



इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ मोदी।



सउदी अरब के विदेश मंत्री अल सउद के साथ डॉ. जयशंकर।

घोषणापत्र का विदेशी पत्रकारों ने किया स्वागत

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को लेकर वैश्विक मीडिया की राय भले ही जुदा हो लेकिन कुल मिलाकर इसे पश्चिम के दबदबे को चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी मीडिया इस सम्मेलन को वैश्विक समीकरणों में बदलाव के तौर पर पेश कर रहा है। वैश्विक संघर्ष, अमेरिकी टैरिफ का दबाव और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच कई देश अब वाशिंगटन और बीजिंग के साथ अपने रिश्तों को नए सिरे से देख रहे हैं।

बीबीसीः भारत की कूटनीतिक जीत

ब्रिटिश मीडिया बीबीसी ने लिखा है कि ब्रिक्स समूह वैश्विक राजनीति और कूटनीति में एक बहुत ही विरोधाभासों से भरा संगठन बन चुका है। इस घोषणापत्र में आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की गई है। पहलगाम हमले का विशेष रूप से जिक्र किया गया है, जिसे भारत के लिए एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

वाशिंगटन पोस्टः कठिन संतुलन की चुनौती

अमेरिकी अखबार ने वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि ब्रिक्स की मेजबानी करना भारत के लिए कठिन संतुलन जैसा है। एक तरफ भारत के अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ मजबूत रिश्ते हैं, तो दूसरी तरफ वह रूस- ईरान के साथ भी मंच साझा कर रहा है।

सीएनएनः डॉलर के प्रभुत्व का विकल्प

ब्रिक्स एक ऐसा शक्तिशाली मंच बन चुका है जो पश्चिमी प्रभुत्व और अमेरिकी डॉलर के दबदबे को चुनौती दे रहा है। नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स भारत का क्षण है।

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक राजनीति आतंकवाद पर चर्चा

तीन दिन, 15 वन-टू-वन मीटिंग और दुनिया ने देखी 'मोदी डिप्लोमेसी'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आगाज के एक दिन पहले से ब्रिक्स के समापन तक पीएम मोदी ने 3 दिन में 15 द्विपक्षीय वार्ताएं की। दिल्ली में 12 और 13 सितंबर को आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक राजनीति, आतंकवाद, पश्चिम एशिया संकट, व्यापार, डॉलर के विकल्प और 'ग्लोबल साउथ' की भूमिका जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। भारत की अध्यक्षता में आयोजित यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 'नई दिल्ली घोषणापत्र' जारी हुआ। इसके बाद ब्रिक्स लीडर्स के लिए डिनर रखा गया, जिसकी मेजबानी पीएम मोदी ने की। इसके साथ ब्रिक्स के मंच पर धुर-विरोध यूएई-सऊदी और ईरान जैसे देश भी साथ दिखे। इतना ही नहीं इसी मंच से रूस-यूक्रेन के बीच शांति की पहल पर पुतिन की मुहर भी लगी। वहीं, खास बात ये रही कि चीन ने भारत की धाक को माना और कहा कि ये वक्त साथ मिलकर काम करने का है।

भारत ने चौथी बार की ब्रिक्स की मेजबानी

भारत ने चौथी बार ब्रिक्स समिट की मेजबानी की. हालांकि, इस समय इस समूह का नेतृत्व करना भारत के लिए एक मुश्किल कूटनीतिक चुनौती रही. ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने के कुछ ही महीनों बाद, अमेरिका और इजराइल ने ब्रिक्स के ही एक सदस्य देश, ईरान पर हमला कर दिया। इसके जवाब में तेहरान ने यूएई और सऊदी अरब पर जवाबी हमले किए, जो खुद भी ब्रिक्स के सदस्य हैं। इसके बाद भारत के सामने इन तीनों देशों को एक मंच पर लाने की चुनौती थी, जो भारत ने करके दिखाया।

एकतरफा प्रतिबंधों से लोगों के कल्याण पर प्रत्यक्ष प्रभाव

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स को अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाना चाहिए और



एक समावेशी वैश्विक आर्थिक ढांचे की दिशा में काम करना चाहिए, क्योंकि मौजूदा वित्तीय और व्यापारिक प्रणालियों पर अत्यधिक निर्भरता ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं को राजनीतिक झटकों के प्रति असुरक्षित बना दिया है। उन्होंने पश्चिमी ताकतों पर निशाना साधते हुए 'एकतरफा प्रतिबंधों' की आलोचना की और कहा कि इनका सीधा असर वैश्विक खाद्य सुरक्षा और लोगों के कल्याण पर पड़ रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ब्रिक्स को एक अधिक संतुलित, समावेशी और न्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि लचीलेपन, सहयोग और स्थिरता को व्यावहारिक कार्यों में बदला जाना चाहिए।

कांग्रेस के पास आलोचना के लिए सिर्फ डिनर मेन्यू : भाजपा

कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी ने भी पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अगर विपक्ष के पास शिखर सम्मेलन की आलोचना करने के लिए सिर्फ खाने का मेन्यू है, तो यह सम्मेलन की सफलता बताता है। उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर सहमति बनाने वाली ताकत के तौर पर उभर रहा है। कहा कि अगर राहुल गांधी जिम्मेदार विपक्ष के नेता हैं तो उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को बधाई देनी चाहिए थी कि देश कई बड़े देशों का नेतृत्व कर रहा है।



ब्रिक्स डिनर का नाम लिए बिना राहुल बोले-80% भारतीय मांसाहारी

कांग्रेस ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज में पूरी तरह शाकाहारी भोजन परोसे जाने के एक दिन बाद रविवार को कहा कि भाजपा अब दुनिया भर से आए गणमान्य व्यक्तियों पर खान-पान की अपनी पसंद थोप रही है, जो गंभीर समस्या है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 80 प्रतिशत भारतीय मांसाहारी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नेताओं और प्रतिनिधियों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था। गांधी ने सोशल मीडिया मंचों 'एक्स', फेसबुक और इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा, 80 प्रतिशत भारतीय मांसाहारी हैं। भारतीय मांसाहारी भोजन स्वादिष्ट होता है, मेरी बहन के बनाए छोले भटूरे की तरह। उन्होंने खाने की मेज पर रखे छोले भटूरे की एक तस्वीर भी पोस्ट की। हांलाकि उन्होंनें ब्रिक्स डिनर का नाम नहीं लिया।



खान-पान में अपनी पसंद थोपना भाजपा की 'गंभीर समस्या' : कांग्रेस

पार्टी के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने व्यंजन सूची का 'स्क्रीनशॉट' साझा करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। खेड़ा ने 'एक्स' पर लिखा, खान-पान की अपनी पसंद देश के लोगों पर थोपने की भाजपा की आदत पहले से ही बहुत समस्याजनक है। अब पार्टी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए दुनिया भर से आए गणमान्य व्यक्तियों पर भी अपनी पसंद थोप दी है। उन्होंने कहा कि भारत एक समृद्ध और विविधता वाला देश है। यहां अलग-अलग तरह के भोजन मिलते हैं। यहां के कुछ बेहतरीन मांसाहारी व्यंजनों को दुनियाभर के लोग पसंद करते हैं और उनका आनंद लेते हैं। क्या उसे उस विविधता पर शर्म आती है, जो भारत को भारत बनाती है?



भारत की विरासत प्रदर्शित करने का कदम 'अविस्मरणीय': विहिप

विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को कहा कि ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं के समक्ष भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कदम, वैश्विक भाईचारे और कल्याण को बढ़ावा देने के मामले में "अविस्मरणीय" रहेगा। ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन में शिरकत करने आए नेताओं का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यक्रम के आयोजन स्थल भारत मंडपम में शनिवार को स्वागत किया। इनमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान शामिल थे। इन नेताओं ने तमिलनाडु के रामेश्वरम में स्थित मशहूर रामनाथस्वामी मंदिर की तस्वीर के सामने खड़े होकर फोटो खिंचवाईं। यह मंदिर चार धाम तीर्थों में से एक है और मान्यता है कि भगवान राम ने यहां पूजा की थी। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भारत मंडपम में रामेश्वरम मंदिर की तस्वीर के सामने वैश्विक नेताओं का स्वागत करने का मोदी का फैसला भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपराओं को दर्शाता है।



खबर संक्षेप

सीमा पार हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़: पंजाब पुलिस

गुरदासपुर। पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर में पीछा करने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और उनके पास से छह पिस्तौलें बरामद कीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुखविंदर सिंह, करण कुमार, बलराज सिंह, अमरीक सिंह और मंजींदर सिंह के रूप में हुई है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि हथियार बरामद करने के अलावा पुलिस ने आरोपियों की एसयूवी भी जब्त कर ली है।

नेपाल में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,388 हुई

काठमांडू। नेपाल में अचानक आई बाढ़ से प्रभावित आठ जिलों से और अधिक शव बरामद होने के बाद रविवार को मृतकों की संख्या बढ़कर 1,388 हो गई। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चितवन जिले से 364 शव, नवलपरासी पूर्व से 230, नवलपरासी पश्चिम से 222 और नुवाकोट से 199 शव बरामद किए गए। इसी तरह रसुवा से 185, गोरखा से 77, धाडिंग से 71 और तनहुं से 38 शव बरामद हुए।

लद्दाख के हिंसक प्रदर्शन के पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

लेह। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को पिछले साल 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा में जान गंवाने वाले चार लोगों के परिजनों के लिए 15-15 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर पिछले साल बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें कथित तौर पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हुए थे।

दिल्ली में बोले रक्षा मंत्री, सेना पर सवाल उठाने वालों को भी घेरा

आतंकियों के घर में घुसकर मार रही सेना, सैनिकों का शौर्य अद्वितीय

सरकार ने देश की एकता, संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा दी को सर्वोच्च प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की सख्त नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इन दोनों खतरों के खिलाफ निर्णायक और कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना आतंकवादियों के घरों में घुसकर उनका सफाया कर रही है। ये सब आपने देखा है। राजनाथ सिंह ने राजनीतिक फायदे के लिए सैनिकों के शौर्य और पराक्रम पर सवाल उठाने वाले लोगों पर भी निशाना साधा। उन्होंने नरेंद्र मोदी को सुशासन का पर्याय बताते हुए कहा कि सरकार ने देश की एकता, संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

देश को नक्सल हिंसा से मिल चुकी है मुक्ति

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को नक्सल हिंसा से मुक्ति मिल चुकी है और इसका अंत हो चुका है। उन्होंने कहा कि वामपंथी चरमपंथियों और उनके समर्थकों ने लंबे वक्त तक ये झूठा नैरेटिव फैलाया कि गरीबी के कारण नक्सलवाद फैला। उन्होंने कहा कि असलियत में नक्सलवाद के कारण ही गरीबी फैली।

सुरक्षा ही सरकार की पहली प्राथमिकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि आंतरिक हो या बाहरी सुरक्षा, पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा को शासन की मुख्य प्राथमिकता बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी चुनाव दर चुनाव जनता का भरोसा जीत रहे हैं। आज वैश्विक सर्वेक्षण भी स्वीकार करते हैं कि मोदी वर्तमान में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

आतंक और नक्सलवाद पर निर्णायक कार्रवाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक व सख्त कार्रवाई की गई है। सेना आतंकियों के ठिकानों में घुसकर उन्हें खत्म कर रही है। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए सैनिकों के शौर्य पर सवाल उठाने वालों पर दुख जताया।

सर्वे के बाद हुई कार्रवाई

पश्चिम बंगाल में 252 मदरसों को बंद करने का आदेश, 100 को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है। वहीं करीब 100 अन्य मदरसों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि, राज्यभर में किए गए सर्वे के बाद यह कार्रवाई की गई है। सर्वे में कई मदरसों में जरूरी मंजूरी और बुनियादी सुविधाओं की कमी पाई गई। राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के मंत्री क्षुदिराम टुडू ने बताया कि जिन मदरसों के पास जरूरी मंजूरी है, वे चलते रहेंगे। सरकार ने कार्रवाई का फैसला सर्वे में सामने आई कमियों के आधार पर लिया है।

जून से शुरू हुआ था सर्वे



विभाग ने जून की शुरुआत से ही राज्य के सभी जिलों में सर्वे शुरू किया था। इस दौरान सरकारी और निजी मदरसों की स्थिति की जांच की गई। अधिकारियों ने मदरसों की बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उनकी मंजूरी और प्रबंधन व्यवस्था की भी जांच की गई। मंत्री ने बताया कि सर्वे का मकसद राज्य में चल रहे अधिकृत और अनधिकृत मदरसों की संख्या का पता लगाना था। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर शुरू की गई थी।

नोटिस के बाद मिले जवाबों के बाद होगी कार्रवाई : अधिकारियों का कहना है कि करीब 100 मदरसों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। इन संस्थानों से उनकी स्थिति को लेकर जवाब मांगा गया है।

टीएमसी ने जताई आपत्ति

विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के विधायक कुणाल घोष ने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सभी मदरसों को एक ही नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी एक संस्था को लेकर सामने आई शिकायत के आधार पर सभी मदरसों को गलत नहीं ठहराया जा सकता। राज्य सरकार का कहना है कि कार्रवाई केवल उन संस्थानों के खिलाफ की जा रही है, जहां जरूरी मंजूरी या बुनियादी सुविधाओं की कमी पाई गई है।

पाक में बड़ा आतंकी हमला

सेना के काफिले पर अटैक, 23 से ज्यादा जवानों की मौत,फैली दहशत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद



बलूचिस्तान के लासबेला जिले में सुरक्षा बलों पर बड़ा हमला हुआ है। जानकारी के अनुसार यह हमला एन-25 राष्ट्रीय राजमार्ग पर किया गया, जहां पाकिस्तानी सेना का काफिला जा रहा था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इस हमले में 23 से ज्यादा जवानों के मारे जाने की आशंका है। कई अन्य जवान घायल भी बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना लासबेला के कशारी इलाके में हुई। यहां फ्रंटियर फोर्स के करीब 15 वाहनों वाला काफिला चल रहा था। काफिले को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। विस्फोट के बाद एक सुरक्षा वाहन में आग लग गई। घायल जवानों को सबसे पहले बेला शिविर पहुंचाया गया। हमले का आरोप बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए पर लगाया जा रहा है।

गोवा विधानसभा चुनाव

आप-जीएफपी मिलकर बनी गोवा फर्स्ट, केजरीवाल बोले- मिलकर लड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने गोवा में गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर इसका ऐलान किया है। केजरीवाल ने कहा कि गोवा के लोगों के लिए गणेश चतुर्थी के मौके पर यह एक बड़ा तोहफा है। उन्होंने बताया कि इस गठबंधन का नाम 'गोवा फर्स्ट' होगा। केजरीवाल ने पहले ही इस गठबंधन के संकेत दिए थे। केजरीवाल ने कहा, 'गणेश चतुर्थी के मौके पर हम गोवा की राजनीति में एक नई शुरुआत कर रहे हैं। 'गोवा फर्स्ट'- आम आदमी पार्टी और गोवा फॉरवर्ड पार्टी का गठबंधन- भाजपा और कांग्रेस की उस मिलीभगत का विकल्प बनेगा जिसने गोवा राज्य को बर्बाद कर दिया है। वहीं, जीएफपी नेता विजय सरदेसाई ने कहा कि दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ेंगी। एक दिन पहले ही जीएफपी राज्य कार्यकारिणी की बैठक भी हुई थी।



पहले जीएफपी- कांग्रेस में थी गठबंधन की अटकलें

इससे पहले अटकलें थीं कि गोवा में कांग्रेस और जीएफपी के बीच गठबंधन हो सकता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी दोनों पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। जीएफपी अध्यक्ष विजय सरदेसाई ने बताया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर बातचीत हुई थी, लेकिन दल-बदल के मुद्दे पर उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। सरदेसाई के मुताबिक, 'गोवा फर्स्ट' गैर-भाजपा और गैर-कांग्रेस मोर्चे के रूप में चुनाव लड़ेगा।

चुनाव आयोग की दो टूक राजनीतिक दलों को करना होगा नियमों का पालन

3 घंटे का अल्टीमेटम! प्रचार में फर्जी डीपफेक वीडियो डाला तो होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार में फर्जी वीडियो और डीपफेक के इस्तेमाल को लेकर निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने राजनीतिक दलों को साफ निर्देश दिया है कि ऐसी किसी सामग्री की जानकारी मिलते ही उसे 3 घंटे के भीतर हटा दिया जाए। साथ ही दलों को सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की हिदायत दी गई है। तकनीक की मदद से किसी नेता की तस्वीर या आवाज में बदलाव करके ऐसा वीडियो बनाया जा सकता है, जो देखने में असली लगे. आयोग ने ऐसे डीपफेक के साथ गलत या भ्रामक जानकारी फैलाने से भी बचने को कहा है। उसका कहना है कि इस तरह की सामग्री चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है।

नियम तोड़े तो हो सकती है कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को मौजूदा कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी है। आयोग ने कहा है कि डीपफेक ऑडियो या वीडियो बनाने, प्रकाशित करने या फैलाने से बचना होगा। गलत, झूठी या भ्रामक जानकारी पोस्ट करने पर भी रोक है। फर्जी यूजर अकाउंट या गैरकानूनी जानकारी मिलने पर संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को इसकी शिकायत करने को कहा गया है।



शिकायत में की गई जांच की मांग : शिकायत में वीडियो कहां से आया, इसे किसने बनाया और इसे कैसे फैलाया गया, इसकी जांच की मांग भी की गई है। साथ ही डिजिटल सबूत सुरक्षित रखने, संबंधित पक्ष से जवाब लेने तथा पहली नजर में नियमों का उल्लंघन मिलने पर नोटिस जारी करने की मांग की गई है।

तीन घंटे के भीत हटाना होगी सामग्री

निर्वाचन आयोग के मौजूदा कानूनी प्रावधानों में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, आईटी नियम 2021, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधान और आदर्श आचार संहिता शामिल हैं। आयोग के निर्देश के मुताबिक, किसी फर्जी या डीपफेक सामग्री की जानकारी मिलने के बाद उसे 3 घंटे के भीतर हटाना होगा. लगातार बनी रहने वाली समस्या को आईटी नियम, 2021 के तहत शिकायत अपील समिति के सामने भी रखा जा सकता है।

योगी के डीपफेक वीडियो से मामला आया सामने

यह मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक कथित डीपफेक वीडियो से जुड़ी शिकायत के बाद सामने आया है। वकील रीना एन सिंह ने आयोग से इस वीडियो के सार्वजनिक प्रदर्शन और प्रसार पर रोक लगाने की मांग की थी। शिकायत में कहा गया कि राजनीतिक आलोचना करना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन किसी नेता का ऐसा एआई वीडियो बनाना गलत है, जिसमें वह ऐसा काम करता दिखे जो असल में हुआ ही नहीं।

प्रचार में इन चीजों से भी बचना होगा : आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान अपमानजनक सामग्री पोस्ट नहीं करने को कहा है। बच्चों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार में करने से भी बचने का निर्देश दिया गया है। जानवरों के साथ हिंसा या उन्हें नुकसान पहुंचाने वाला कंटेंट दिखाने से भी राजनीतिक दलों को मना किया गया है।

दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में 7179 दावेदार, 1300 से ज्यादा सीटों का होगा आवंटन

मेडिकल और डेंटल कालेजों की रिक्त सीटों पर प्रवेश पाने दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के लिए 7179 अभ्यर्थियों ने दावेदारी की है। इनमें मेरिट आधार पर 1309 सीटों का आवंटन किया जाएगा, साथ ही पहले राउंड के कई विद्यार्थियों को सीट अपग्रेडेशन का मौका मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वर्तमान में निजी कालेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की सीटें बड़ी संख्या में बाकी हैं। प्रायवेट कालेज में एनआरआई कोटे के लिए 33 को पात्र माना गया है, जहां 162 सीटें रिक्त हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग अपने शेड्यूल के अनुसार दूसरे राउंड की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी कर रहा है। इसके तहत नया आवेदन और सीटों का अपग्रेडेशन कराने वाले विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। सूची में 7179 लोगों को शामिल किया गया है, जिन्हें नीट स्कोर में मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन कर प्रवेश का मौका दिया जाएगा। पहले राउंड में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की 80 फीसदी से ज्यादा सीटें भर चुकी हैं। लगभग 85 सीटों पर इस दौर में एडमिशन पूरा होने की संभावना है। दूसरी ओर निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस की 776 के करीब सीटें बाकी हैं, जिनका आवंटन इस राउंड में शामिल अभ्यर्थियों को किया जाएगा। इन कालेजों में अप्रवासी भारतीय नियतांश की 162 सीटें रिक्त हैं और चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने दस्तावेजों की जांच के बाद इस कोटे के लिए 33 लोगों को पात्र पाया है। मेडिकल की तरह प्रायवेट डेंटल कालेजों में भी बीडीएस की 400 से अधिक सीटें रिक्त हैं, जिन पर एडमिशन की प्रक्रिया दूसरे राउंड में पूरी की जानी है।

निजी कालेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की 1309 सीटें बाकी

निजी कालेजों को सीटें वापस

निजी मेडिकल कालेजों में प्रबंधन, एनआरआई के अलावा राज्य कोटे की सीटें भी होती हैं। कालेजों में पहले राउंड के बाद स्टेट कोटे की करीब 250 सीटें बाकी हैं। इस राउंड में एडमिशन के बाद खाली बची सीटें कालेज प्रबंधन को वापस कर दी जाएंगी। इसी तरह एनआरआई कोटे की व्यवस्था भी दूसरे राउंड के बाद शिथिल होगी और इसमें प्रवेश का फायदा स्थानीय छात्रों को मिल सकेगा।



अब एडमिशन जरूरी

दूसरे राउंड की काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को जिन सीटों का आवंटन किया जाता है, उस पर एडमिशन लेना जरूरी होगा, यानी मॉपअप राउंड के लिए उन्हें अपग्रेडेशन का मौका नहीं दिया जाएगा। आवंटन के बाद अगर वे प्रवेश प्रक्रिया पूरी नहीं करते हैं अथवा सीटों का त्याग करते हैं तो उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी। दूसरे राउंड के बाद भी अगर पूरी सीटें नहीं भरती हैं तो प्रवेश के लिए मॉपअप राउंड का आयोजन भी किया जाएगा।



बड़े बांध लबालब, मध्यम में थोड़ी कमी पानी के आंकड़ों ने दिखाई अलग तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रमुख जलाशयों में इस वर्ष जलभराव की स्थिति पिछले साल की तुलना में बेहतर रही है। बड़े बांध लबालब हैं, वहीं मध्यम में थोड़ी कमी से इस साल के पानी के आंकड़ों की अलग तस्वीर दिख रही है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि प्रदेश के बड़े जलाशयों में इस वर्ष पानी की स्थिति मजबूत है। हालांकि मध्यम जलाशयों में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट और कुछ जलाशयों में काफी कम जलस्तर यह भी बताता है कि पूरे प्रदेश में पानी का वितरण एक जैसा नहीं है।

- बारिश ने भरे बांध, पिछले साल से 5 .4 फीसदी ज्यादा
- इस बार छलकने को तैयार, पिछले साल से बेहतर जलभराव

12 प्रमुख बांधों में कुल जलभराव 93.40 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी तारीख को यह 88.90 प्रतिशत था, यानी एक साल में प्रमुख जलाशयों के जलभराव में 4.50 प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई है। देखा जाए तो इस बार बांध छलकने को तैयार हैं। वर्ष 2024 में प्रमुख बांधों में 86.28 प्रतिशत पानी था। मध्यम जलाशयों की तस्वीर इसके उलट है। 34 मध्यम जलाशयों में इस वर्ष 86.95 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया, जबकि 2025 में यह 89.43 प्रतिशत और 2024 में 90.67 प्रतिशत था। इस तरह मध्यम जलाशयों में पिछले साल की तुलना में 2.48 प्रतिशत अंक की कमी आई है।

खास खबर

कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर का आधे से अधिक हिस्सा डूबा

गंगरेल के 6 गेट खोले, महानदी में बाढ़ छोड़ रहे हर सेकंड 10400 क्यूसेक पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी-राजिम

पानी की आवक बढ़ने से गंगरेल बांध के छह गेट खोल दिए गए हैं, जिससे महानदी में बाढ़ के हालात हैं। फिलहाल प्रति सेकंड 10400 क्यूसेक (एक क्यूसेक यानी 28.317 लीटर) पानी छोड़ा जा रहा है। जबकि शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात गंगरेल बांध से 53 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकंड ⏭शेष पेज 5 पर



बाढ़ में फंसा मरीज, खाट के सहारे पार कराया नाला

नगरी सिहावा नगरी क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे कई रास्ते पूरी तरह बंद हो गए हैं। नगरी विकासखंड के लटियारा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम घरर के कक्षारपारा के बीच स्थित दूधर नाला में पुलिया नहीं होने से शनिवार को एक मरीज को खाट पर लादकर नाला पार कराना पड़ा। बता दें कि बरसात के दिनों में नाले में बाढ़ आने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इसका ताजा उदाहरण घरर निवासी लोपेश कुमार पटेल को ⏭ शेष पेज 5 पर

बड़े बांधों में कई जलाशय लबालब

प्रमुख बांधों में इस वर्ष रविशंकर सागर (गंगरेल) में 97.16 प्रतिशत, मिनीमाता बांगो में 95.66 प्रतिशत और दुधावा में 93.72 प्रतिशत जलभराव है। खारंग बांध और मुरुमसिल्ली 100 प्रतिशत भर चुके हैं, जबकि मनियारी में भी 99.99 प्रतिशत पानी है। कोडार में 97.13 प्रतिशत और सिकासार में 81.82 प्रतिशत जलभराव दर्ज किया गया है। तुलनात्मक रूप से देखें तो इस वर्ष बांगो में 95.66 प्रतिशत पानी है, जबकि 2025 में 89.62 प्रतिशत था। गंगरेल में इस वर्ष 97.16 प्रतिशत के मुकाबले पिछले साल 88.94 प्रतिशत पानी था। दुधावा में भी बड़ा सुधार हुआ है और जलभराव 59.43 प्रतिशत से बढ़कर 93.72 प्रतिशत हो गया। सबसे बड़ा अंतर कोडार में दिखता है, जहां पिछले वर्ष 39.83 प्रतिशत के मुकाबले इस वर्ष 97.13 प्रतिशत जलभराव दर्ज हुआ है।

इन बांधों में पिछले साल से कम जलभराव

वहीं कुछ प्रमुख बांध ऐसे भी हैं, जहां पिछले साल की तुलना में इस वर्ष जलभराव कम हुआ है। तांदुला में पिछले वर्ष 100 प्रतिशत के मुकाबले इस वर्ष 82.12 प्रतिशत, सोंदूर में 73.43 के मुकाबले 74.64 प्रतिशत, केलो में 58.19 के मुकाबले 51.83 प्रतिशत और अरपा भैंसाझार में 100 प्रतिशत के मुकाबले महज 22.18 प्रतिशत जलभराव है।



मध्यम जलाशयों की तस्वीर मिली-जुली

मध्यम जलाशयों में भी कई बांध इस वर्ष पूरी क्षमता के करीब या पूरी तरह भर चुके हैं। कोसारटेड, बल्लार, घोंघा, मटियामोटी, झुमका, गेज टैंक, केदार नाला, कंवरपुर और बरनई जैसे जलाशयों में 99 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक जलभराव दर्ज किया गया है। दूसरी ओर मायना में सिर्फ 25.54 प्रतिशत और परलकोट में 52.79 प्रतिशत जलभराव है। मध्यम जलाशयों में सबसे उल्लेखनीय सुधार कुछ ऐसे जलाशयों में हुआ है, जो पिछले साल काफी खाली थे। उदाहरण के लिए बल्लार में जलभराव 29.35 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत, कुम्हारी में 37.71 से बढ़कर 94.10 प्रतिशत और पेंड्रावन में 56.93 से बढ़कर 87.94 प्रतिशत हुआ है।

गंगरेल के 6 गेट खोले गए

लगातार हो रही बारिश और जलाशय में पानी की आवक बढ़ने के बाद गंगरेल बांध के छह गेट खोल दिए गए हैं। बांध से फिलहाल महानदी में हर सेकंड 10,400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पानी छोड़े जाने के बाद महानदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है और राजिम-नवापारा के तटवर्ती इलाकों में भी इसका असर दिखाई देने लगा है। बताया गया है कि शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात गंगरेल बांध से करीब 53 हजार क्यूसेक पानी प्रति सेकंड की रफ्तार से छोड़ा गया था। इसके बाद पानी की आवक में कमी आने पर बांध से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा घटाकर 10,400 क्यूसेक कर दी गई।

ओडिशा से देशभर में चल रहा गांजे का काला कारोबार

राजेश दास ⏭ जगदलपुर

ओडिशा के घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ी इलाकों में होने वाली अवैध गांजे की खेती अब देश की सुरक्षा एजेंसियों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, ओडिशा पुलिस और पड़ोसी राज्यों की संयुक्त जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि ओडिशा से निकलने वाला गांजा देश के 15 से अधिक राज्यों के ब्लैक मार्केट में पहुंच रहा है।

- सालाना 500 करोड़ से अधिक का कारोबार का कोई सरगना नहीं

पुलिस की चौकसी से बचने के लिए अंतरराज्यीय तस्करों ने छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और झारखंड की सीमाओं का इस्तेमाल कर चार बड़े 'सप्लाई रूट' तैयार कर लिए हैं। जानकारी के मुताबिक इस ब्लैक नेटवर्क का कोई सरगना नहीं है, बावजूद कारोबार सुनियोजित तरीके से होता है। मादक पदार्थ गांजा की जिन गांवों में खेती होती है वहां के लोग गांजा की तस्करी नहीं करते, बल्कि वे लोग 500 से 1 हजार रुपए किलो में स्थानीय युवकों को यह गांजा देते हैं। इन्हीं सप्लायरों से सम्पर्क कर तस्कर गांजा देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करते हैं। इसके लिए उनका पूरा नेटवर्क होता है, जो गांजा निकलने के बाद डंप वाहनों की रेकी करते हुए आगे और पीछे चलते हैं।

गांजा तस्करी के 4 सबसे बड़े रूट और उनका नेटवर्क

जांच रिपोर्ट के अनुसार ओडिशा के मलकानगिरी, कोरापुट, कंधमाल और रायगढ़ा जिलों से गांजा मुख्य रूप से चार बड़े रास्तों से होकर देश के कोने-कोने तक पहुंचता है, इसमें सबसे पहला और पसंदीदा रास्ता छत्तीसगढ़ का रूट है, जिसे उत्तर और मध्य भारत का प्रवेश द्वार माना जाता है। इस रूट में तस्कर दो उप-रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। पहले बस्तर-रायपुर कॉरिडोर के तहत कोरापुट और मलकानगिरी से गांजा सुकमा और बस्तर (जगदलपुर) के रास्ते छत्तीसगढ़ में घुसता है और फिर नेशनल हाईवे 30 के जरिए रायपुर-बिलासपुर होते हुए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र (मुंबई-पुणे), राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर तक जाता है। वहीं इसके दूसरे हिस्से यानी जशपुर-रायगढ़ कॉरिडोर के जरिए ओडिशा के सुंदरगढ़ से गांजा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और जशपुर जिलों में प्रवेश करता है, जहां से इसे सीधे उत्तर प्रदेश (बनारस, प्रयागराज) और बिहार भेजा जाता है।

आत्मानंद स्कूल का गेट टूटकर गिरा, 7 वर्षीय बालक की मौत

सिमगा। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम हथबंद स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में शनिवार को लोहे का बड़ा गेट अचानक टूटकर गिरने से 7 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बालक की पहचान शीवम यादव पिता नन्ही यादव निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शीवम तीज पर्व के अवसर पर हथबंद में अपनी बड़ी मां के घर आया हुआ था। इसी दौरान हादसे में वह स्कूल के में गेट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम सिमगा अतुल शेटे ने तत्काल मौके पर पहुंच घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के बाद एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय के मुख्य द्वार को जिस कॉलम पर लगाया गया था उसकी स्थिति करीब तीन माह से खराब थी। मुख्य द्वार ऊपर-नीचे से अपनी पकड़ खो चुका था तथा मात्र एक पट्टी और कील के सहारे टिका हुआ था।

जोन स्तर पर दी जा रही पंडाल और अस्थायी संरचना के लिए अनुमति

गणेश उत्सव आज से, सड़क पर पंडाल लगाने 176 समितियों के आवेदन, 4 विभागों का एनओसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणपति बप्पा की पूजा और आराधना का पर्व गणेशोत्सव 14 सितंबर से शुरू हो रहा है। शहर के विभिन्न स्थानों पर गणेशोत्सव समितियां मंगलमूर्ति की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित करने जोर-शोर से तैयारी में जुट गई हैं। सड़क पर गणेश पंडाल लगाने और अस्थायी संरचना के लिए उन्हें नगर निगम से अनुमति लेनी होगी। संबधित जोन स्तर पर निर्धारित प्रारूप में उन्हें चार विभागों की एनओसी के साथ आवेदन देने का नियम है। इसके लिए नगर निगम के दस जोन को 176 आवेदन मिले हैं। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने दस जोन के जोन कमिश्नरों को इसके लिए आवेदन की अनुमति देने अधिकृत किया है। इस बार भाठागांव स्थित



नगर निगम जोन-6 में दो दर्जन से अधिक गणेशोत्सव समितियों ने गणेश पंडाल लगाने की अनुमति के लिए आवेदन किया है। शहर में सोमवार से शुरू हो रहे गणेशोत्सव पर्व में 300 बड़े आकार के पंडाल भव्य साज-सज्जा के साथ लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे, पर सड़क पर पंडाल लगाने के लिए समितियों को 4 विभागों से एनओसी लेने की अनिवार्यता ने आयोजकों की परेशानी बढ़ा दी है।

एनओसी लाने में समितियों का छूट रहा पसीना

समितियों के सामने दिक्कत है ये है कि चार अलग-अलग विभागों के एनओसी लाने में पसीना छूट रहा है। ऐसे में शहर की कुछ गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों ने महापौर मीनल चौबे से महात्मा गांधी सदन में मुलाकात कर पंडाल लगाने की अनुमति मिलने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया है। इस पर महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में गणेश उत्सव समितियों के साथ सम्मानपूर्वक संवाद स्थापित कर एनओसी अथवा किसी अनुमति की आवश्यकता होने पर समितियों को समय रहते जानकारी दें, साथ ही आवश्यक औपचारिकता को पूरा कराने में सहयोग करें।



कैमरा ट्रैप और थर्मल ड्रोन से निगरानी व ग्रामीणों को करेंगे जागरूक

बाघों की गतिविधियों पर नजर रखने हर वनमंडल में अलग सेल

महेन्द्र विश्वकर्मा ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कोंडागांव जिले में सालभर से बाघ देखे जाने की घटनाएं सामने आ रही है। हालांकि वन विभाग अभी यह पक्के तौर पर बताने की स्थिति में नहीं है कि यह एक ही बाघ है या अलग-अलग। फिलहाल बाघ के मूवमेंट को देखते हुए संबंधित हर वन मंडल में बाघ की गतिविधियों पर करीबी नजर रखने के लिए टायगर मूवमेंट सेल बनाने को फैसला लिया गया है। वैसे इन जिलों में देखे गए बाघ के अलावा इंद्रावती टायगर रिजर्व में 7-8 बाघ होने की संभावना है।

- बाघ की अलग-अलग प्रोफाइल तैयार कर विचरण गतिविधियों व पहचान संबंधी डाटा सुरक्षित रखा जाएगा

दंतेवाड़ा, बस्तर और कोंडागांव जिले के अलग-अलग क्षेत्र में बाघ देखे जाने की घटनाओं के बाद वन विभाग ने निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि बाघ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित वन्यजीव है। बाघ के मूवमेंट सामने आने के बाद संभाग के सातों जिलों के वन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बाघ की सुरक्षा को केवल मॉनिटरिंग तक सीमित न रखते हुए निगरानी, मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, वैज्ञानिक डाटा संग्रहण और त्वरित प्रतिक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। प्रत्येक संबंधित वनमंडल में वनमंडलाधिकारी के प्रत्यक्ष देखरेख में तत्काल टायगर मूवमेंट सेल स्थापित किए जाएं। संबंधित उप वनमंडलाधिकारी को इसका नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। वहीं सभी परिक्षेत्र अधिकारियों एवं बीट अधिकारियों की स्पष्ट जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर वन्यप्राणी वृत्त कार्यालय से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रतिदिन होगी समीक्षा

इन्द्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) एवं क्षेत्रीय निदेशक उत्तम कुमार गुप्ता ने जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर, केशकाल, भानुप्रतापपुर के वन मंडलाधिकारी, कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक एवं इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक को निर्देश दिया कि बाघ विचरण की सूचना मिलने पर वन मंडलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाएगी।



लोकेशन सार्वजनिक नहीं करने के निर्देश

बाघ की लोकेशन को सार्वजनिक रूप से प्रसारित नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार लोकेशन सार्वजनिक होने से अनावश्यक भीड़ और दबाव बढ़ सकता है, जिससे बाघ तथा आम लोगों दोनों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। पुख्ता सूचना के लिए सूचना तंत्र विकसित करने तथा सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गोपनीय रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही बाघ द्वारा पालतू पशुओं के मारे जाने की सूचना मिलने पर वन अमले को तत्काल मौके का निरीक्षण करना होगा। ठोस एवं पुख्ता प्रमाणों के आधार पर वन्यप्राणी की पहचान होने पर मुआवजा प्रकरण तत्काल तैयार कर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया है।

चिंतन

ब्रिक्स में बढ़ती भारत की धाक



विश्लेषण

डॉ. घनश्याम बादल

ब्रिक्स देशों में भारत की बढ़ती भूमिका केवल कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में बढ़ते प्रभाव का संकेत भी है। कभी पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रभुत्व के बरक्स उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मंच माना जाने वाला ब्रिक्स अब विश्व राजनीति के महत्वपूर्ण केंद्रों में शामिल है। ऐसे समय में भारत ने आर्थिक ताकत, कूटनीतिक संतुलन और रणनीतिक स्पष्टता का परिचय दिया और देश की राजधानी दिल्ली में सफल ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यह सक्रियता बताती है कि नई दिल्ली अब वैश्विक फैसलों की केवल दर्शक नहीं, बल्कि दिशा तय करने वाली शक्ति बनना चाहती है। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी अर्थव्यवस्था है। 7.8 प्रतिशत की शानदार जीडीपी वृद्धि ने दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत की रफ्तार को रेखांकित किया है। जब कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती और अनिश्चितताओं से जूझ रही हैं, तब भारत का तेज विकास उसे ब्रिक्स का महत्वपूर्ण 'ग्रोथ इंजन' बनाता है। यही आर्थिक शक्ति भारत को वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं को मजबूती से उठाने का आधार देती है। ब्रिक्स के संयुक्त घोषणापत्र में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन भी महत्वपूर्ण है। खास बात यह है कि चीन और रूस समेत समूह के सभी सदस्य देशों का समर्थन भारत की कूटनीतिक स्वीकार्यता को दर्शाता है। भारत को स्थायी सदस्यता का हक मिलना केवल भारत की जीत नहीं, बल्कि वैश्विक संस्थाओं को अधिक प्रतिनिधिक और लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में जरूरी कदम होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर भी भारत ने अपनी बात मजबूती से रखी है। अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की सामूहिक निंदा ब्रिक्स के घोषणापत्र में शामिल होना महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। पाकिस्तान के करीबी माने जाने वाले चीन का भी इस सामूहिक रुख से सहमत होना बताता है कि आतंकवाद को लेकर भारत की चिंता को अब नजरअंदाज करना आसान नहीं है। भारत की सबसे बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि शायद उसका संतुलन साधने का कौशल है। एकतरफा प्रतिबंधों के विरोध का ब्रिक्स का रुख भी बदलती वैश्विक आर्थिक राजनीति का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना लगाए जाने वाले प्रतिबंधों पर सवाल उठना बताता है कि विकासशील देश अब वैश्विक नियमों के निर्माण में अधिक हिस्सेदारी चाहते हैं। हालांकि भारत को इस बढ़ती धाक से आत्ममुग्ध होने के बजाय अपनी चुनौतियों को भी समझना होगा। ब्रिक्स में चीन का प्रभाव बड़ा है और सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। इसलिए भारत की असली परीक्षा समूह को किसी पश्चिम-विरोधी मंच में बदलने की नहीं, बल्कि उसे अधिक संतुलित, व्यावहारिक और बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था का प्रभावी मंच बनाने की है। ब्रिक्स में भारत की धाक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केवल भारत की आवाज के बुलंद होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस दुनिया के बदलने का संकेत है, जिसमें फैसले अब कुछ शक्तियों के बंद कमरों में नहीं, बल्कि नई उभरती शक्तियों की भागीदारी से तय होंगे। भारत को इस अवसर को नेतृत्व में बदलना होगा। अब दुनिया का शक्ति संतुलन बदल रहा है। जहां पहले अमेरिका यूरोप का दबदबा दिखाई देता था, वहां अब ब्रिक्स देश भी कमतर नहीं रहे। खासकर इन देशों में भारत की भूमिका काफी अहम मानी जा रही है।

> भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की।

दिल्ली की दस्तक, दुनिया के दिल तक

नई दिल्ली में दो दिन तक दुनिया की निगाहें टिकी रहीं। 21 देशों के ब्रिक्स परिवार के नेताओं की मौजूदगी में 18वां शिखर सम्मेलन समाप्त हो गया। मंच पर मुस्कुराते चेहरे थे, हाथ मिलाते नेता थे और बहुपक्षीय सहयोग के बड़े-बड़े संकल्प भी। लेकिन किसी शिखर सम्मेलन की सफलता का पैमाना तस्वीरें नहीं, उसके बाद बदलने वाले समीकरण होते हैं। अब असली सवाल यह है कि भारत ने ब्रिक्स की अध्यक्षता से क्या पाया, ब्रिक्स अपने उद्देश्यों की ओर कितना बढ़ा और नई दिल्ली से निकली यह कूटनीतिक ऊर्जा बीजिंग, मास्को, पश्चिम एशिया और अमेरिका तक कितनी दूर जाएगी?

भारत के लिए ब्रिक्स सम्मेलन को सफल मानने के पर्याप्त कारण हैं। आज दुनिया युद्धों, व्यापारिक प्रतिबंधों, बढ़ते संरक्षणवाद, ऊर्जा संकट और महाशक्तियों के टकराव से गुजर रही है। ईरान और संयुक्त अरब अमीरात जैसे परस्पर अलग क्षेत्रीय समीकरण वाले देशों के साथ-साथ रूस, चीन और भारत जैसे अपने-अपने हितों वाले देशों को एक साझा दस्तावेज लाने पर सहमत करना भारत की कूटनीतिक क्षमता का प्रमाण है। उसने ब्रिक्स को खुले तौर पर पश्चिम-विरोधी गठबंधन में बदलने से रोका। यह आसान नहीं था। नई दिल्ली घोषणा ने एकध्रुवीयता के बजाय बहुध्रुवीयता, वैश्विक संस्थाओं में सुधार और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी की बात की, लेकिन ब्रिक्स को नाटो जैसे राजनीतिक या सैन्य गुट में बदलने की दिशा नहीं अपनाई। यह भी भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में सुधार का मुद्दा भी आगे बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि घोषणा में चीन और रूस ने भारत तथा ब्राजील की संयुक्त राष्ट्र में अधिक बड़ी भूमिका, जिसमें सुरक्षा परिषद की भूमिका भी शामिल है, के प्रति समर्थन दोहराया।

सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता पाना भारत की विदेश नीति का पुराना लक्ष्य है और ब्रिक्स जैसे मंच पर चीन और रूस से सार्वजनिक समर्थन मिलना इसकी कूटनीतिक पूंजी बढ़ाता है। लेकिन यहीं से सफलता की सीमा भी शुरू हो जाती है। ब्रिक्स ने वैश्विक व्यवस्था बदलने की इच्छा तो जताई है, पर उसे बदलने के औजार अभी सीमित हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, वैकल्पिक भुगतान व्यवस्था और डॉलर पर निर्भरता कम करने की चर्चा वर्षों से हो रही है। इस सम्मेलन में भी आर्थिक और वित्तीय सहयोग पर जोर रहा, लेकिन कोई ऐसी क्रांतिकारी व्यवस्था सामने नहीं आई जो रातोंरात वैश्विक वित्तीय ढांचे को बदल दे। 'डी-डॉलराइजेशन' की अतिरंजित दिशा से भी दूरी बनाए रखने की सावधानी ही भारत के लिए उचित है, क्योंकि अमेरिका आज भी उसका महत्वपूर्ण व्यापारिक, तकनीकी और रणनीतिक साझेदार है। ब्रिक्स की दूसरी चुनौती उसका अंतर्विरोध है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। रूस पश्चिम से टकराव की स्थिति में है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव है। पश्चिम एशिया में सदस्य देशों के हित हमेशा एक जैसे नहीं हैं। ऐसे में सर्वसम्मति से बयान निकाल लेना उपलब्धि है, लेकिन साझा नीति बनाना उससे



कहीं कठिन है। नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात ने भारत-चीन संबंधों में संभावित नरमी की खिड़की खोली है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति, व्यापार, बाजार पहुंच और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर बात की। शी से सात वर्ष बाद यह उच्चस्तरीय संपर्क महत्वपूर्ण है। लेकिन इसे संबंधों में 'रीसेट' कहना अभी जल्दबाजी होगी। सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और रणनीतिक अविश्वास अपनी जगह कायम हैं।

चीन 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, इसलिए अब भारत की बनाई दिशा को बीजिंग किस रूप में आगे ले जाता है, यह बेहद महत्वपूर्ण होगा। रूस के संदर्भ में भारत को इस सम्मेलन से लाभ मिला है। यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच भी भारत ने मास्को से अपने संबंधों को बनाए रखा है। ब्रिक्स ने रूस को यह मंच दिया है कि वह पश्चिमी दबाव के बावजूद अपने लिए वैकल्पिक वैश्विक साझेदारियां तलाश सके। भारत के लिए इसका अर्थ है कि रूस के साथ ऊर्जा, रक्षा और रणनीतिक संबंध बनाए रखते हुए वह अमेरिकी और यूरोपीय साझेदारी भी जारी रख सकता है। पश्चिम एशिया में भारत की भूमिका भी इस सम्मेलन से मजबूत हुई है। ईरान, यूएई, मिस्र और सऊदी अरब जैसे देशों की मौजूदगी भारत को ऐसे क्षेत्रीय मंच में रखती है जहां उसके ऊर्जा, व्यापार और प्रवासी भारतीयों से जुड़े हित सीधे जुड़े हैं। यदि ब्रिक्स संवाद का मंच बनता है तो भारत अपनी पारंपरिक 'सबके साथ संबंध' वाली नीति को और उपयोगी बना सकता है।

मध्य-पूर्व के मौजूदा संकट पर संयुक्त घोषणा इसी संभावना की ओर संकेत है। अमेरिका और पश्चिम के साथ भारत के संबंधों पर भी इस सम्मेलन का असर होगा, बशर्ते कि यह टकराव के रूप में न देखा जाए। ब्रिक्स ने एकतरफा प्रतिबंधों और संरक्षणवादी व्यापार उपायों की आलोचना की है। इससे वाशिंगटन को असहजता होना स्वाभाविक है। लेकिन भारत ने ब्रिक्स को अमेरिकी-विरोधी मंच नहीं बनने दिया। यही संतुलन आगे भी भारत के लिए ज़रूरी होगा। भारत अमेरिका से तकनीक, निवेश और रणनीतिक सहयोग चाहता है, जबकि रूस से रक्षा और ऊर्जा संबंध तथा चीन से आर्थिक संबंध पूरी तरह समाप्त नहीं कर सकता। इसलिए भारत की विदेश नीति का मूलमंत्र शायद अब पहले से अधिक स्पष्ट है।

विपक्ष ने हालांकि इस सम्मेलन को लेकर सरकार की उपलब्धियों पर सवाल उठाए हैं कि भारत को इससे ठोस लाभ क्या मिला। विपक्ष का सवाल पूरी तरह ख़ारिज नहीं किया जा सकता। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार से यह पूछना उचित है कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को आर्थिक, रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों में कितनी ठोस उपलब्धि में बदला गया। दूसरी ओर, केवल इसलिए सम्मेलन को असफल कहना भी उचित नहीं कि कोई एक बड़ा आर्थिक समझौता तत्काल सामने नहीं आया। वास्तविक निष्कर्ष इससे बीच में निकलता है। भारत ने ब्रिक्स के उद्देश्यों- बहुध्रुवीय विश्व, वैश्विक दक्षिण की आवाज, संस्थागत सुधार, आर्थिक सहयोग और विकासशील देशों के हित- को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण राजनीतिक सफलता हासिल की है। लेकिन इन उद्देश्यों को स्थायी उपलब्धियों में बदलने की यात्रा अभी शुरू हुई है। सम्मेलन ने दिशा दी है, मंजिल नहीं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

हिंदी दिवस

दीप सारस्वत



दिनकर की हुंकार से कुमार विश्वास की वाणी तक : हिंदी के गौरव की अनवरत यात्रा

किसी राष्ट्र की पहचान केवल उसकी सीमाओं, इतिहास और भूगोल से नहीं बनती, उसकी भाषा और साहित्य भी उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। भाषा वह धरोहर है, जिसमें एक सभ्यता अपनी स्मृतियां संजोती है, अपने संस्कारों को पीढ़ियों तक पहुंचाती है और अपने भविष्य के स्वप्नों को शब्द देती है। भारत की साहित्यिक चेतना ने समय-समय पर शब्दों को केवल अभिव्यक्ति नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें राष्ट्र की आत्मा बना दिया। 'बंकिमचंद्र चटर्जी' की लेखनी से निकला 'वंदे मातरम्' केवल गीत नहीं रहा, वह भारत माता के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की चेतना का उद्घोष बन गया। वहीं 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर' ने 'जन गण मन' के माध्यम से भारत की विविधता में बसने वाली एकता और राष्ट्र के प्रति सामूहिक श्रद्धा को स्वर दिया। उनके शब्दों में केवल राष्ट्रगान की गरिमा नहीं, बल्कि उस भारत की आत्मा भी है, जिसमें अनेक भाषाएं, संस्कृतियां और आस्थाएं मिलकर एक राष्ट्र का निर्माण करती हैं। यही भारत की सबसे बड़ी शक्ति रही है-यहां साहित्य ने केवल समाज का चित्रण नहीं किया, बल्कि समय आने पर समाज और राष्ट्र की चेतना को दिशा भी दी। इसी विराट भारतीय साहित्यिक परंपरा में हिंदी एक ऐसी सशक्त धारा है, जिसने जनमानस के प्रेम, पीड़ा, संघर्ष, भक्ति और स्वाभिमान को अपनी अभिव्यक्ति दी। हिंदी की यात्रा को कुछ नामों में समेटना संभव नहीं, फिर भी हर युग में कुछ ऐसे रचनाकार हुए, जिन्होंने उसे अपने समय की चेतना से जोड़ा।

'कबीर' ने अपनी निर्भीक वाणी से समाज की जड़ताओं को चुनौती दी। 'गोस्वामी तुलसीदास' ने लोकभाषा में भारतीय जीवन और आस्था को ऐसा स्वर दिया, जो आज भी जनमानस में जीवित है। 'हरिवंश राय बच्चन' ने आधुनिक मनुष्य की संवेदनाओं को कविता में उतारा और 'राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर' ने हिंदी को वह ओज दिया, जिसमें राष्ट्र का स्वाभिमान, संघर्ष और चेतना एक साथ दिखाई देते हैं।'इसी साहित्यिक परंपरा को छत्तीसगढ़ की माटी ने भी अपने विशिष्ट स्वरों से समृद्ध किया है। छत्तीसगढ़ राज्य गीत के रचयिता डॉ. नरेंद्र देव वर्मा ने अपनी लेखनी से प्रदेश की अस्मिता, संस्कृति और स्वाभिमान को शब्द दिए, वहीं पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे ने अपनी विशिष्ट साहित्यिक प्रतिभा और हास्य-व्यंग्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया।'

इन रचनाकारों की महानता केवल उनकी रचनाओं में नहीं थी, बल्कि इस बात में भी थी कि उन्होंने अपने समय को अपनी भाषा में बोलना सिखाया। समय बदलता गया और हिंदी के सामने चुनौतियां भी बदलती रहीं। कभी उसे साहित्यिक प्रतिष्ठा दिलाने का संघर्ष था, कभी जनमानस तक पहुंचने का प्रयास और कभी राष्ट्र की चेतना को स्वर देने का दायित्व। आज चुनौती कुछ अलग है। तकनीक, संचार और बदलती जीवनशैली के इस दौर में भाषा को अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई पीढ़ी के मन और समय से संवाद करना है। यहीं आधुनिक हिंदी कविता के एक महत्वपूर्ण स्वर के रूप में 'डॉ. कुमार विश्वास' का नाम विशेष रूप से सामने आता है। कुमार विश्वास का महत्व केवल उनकी लोकप्रियता में नहीं, बल्कि उस समय की आवश्यकता में है, जिसमें उन्होंने कविता को अपनी वाणी दी। यह वह दौर था, जब अभिव्यक्ति के माध्यम बदल रहे थे, जीवन की गति तेज हो रही थी और कविता के प्रति नई पीढ़ी का संबंध भी बदल रहा था। ऐसे समय में उन्होंने कविता को केवल सुनाने का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे श्रोता के साथ जीवंत संवाद में बदल दिया। उनकी वाणी में साहित्य की गंभीरता है, लेकिन वह बोझिल नहीं होती। उनकी कविता में प्रेम है, विरह है, जीवन के प्रश्न हैं, समाज की चिंता है और राष्ट्र के प्रति आत्मीय भाव भी है। यही बहुआयामी स्वर उन्हें केवल एक लोकप्रिय मंचीय कवि की सीमा से आगे ले जाता है। कुमार विश्वास ने कविता और सामान्य जन के बीच खड़ी उस दूरी को कम किया, जो समय के साथ बढ़ती जा रही थी। उन्होंने कविता को इस तरह प्रस्तुत किया कि साहित्य से दूर व्यक्ति भी उसके भावों में स्वयं को खोज सके। उनके मंच पर बैठा युवा जब कविता में अपने प्रेम, अपनी पीड़ा, अपने संघर्ष या अपने देश के प्रति गर्व को महसूस करता है, तब हिंदी उसके लिए केवल एक भाषा या पाठ्यक्रम का विषय नहीं रहती-वह उसकी अपनी अभिव्यक्ति बन जाती है।

'यही कुमार विश्वास का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है-उन्होंने हिंदी कविता को समझने से पहले महसूस करने का अवसर दिया।' उनकी साहित्यिक यात्रा ने आधुनिक समय के एक महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर भी दिया-क्या आधुनिकता और अपनी भाषा साथ-साथ चल सकती हैं? कुमार विश्वास की वाणी इसका सहज उत्तर देती है। आधुनिक होना अपनी भाषा से दूर होना नहीं है। दूसरी भाषाओं का ज्ञान हमारी क्षमता को बढ़ाता है, लेकिन अपनी भाषा में सोचने, महसूस करने और स्वयं को अभिव्यक्त करने की स्वतंत्रता हमारी सांस्कृतिक शक्ति है। यही कारण है कि कुमार विश्वास की लोकप्रियता को केवल मंचों पर जुटने वाली भीड़ से नहीं समझा जा सकता। उसका वास्तविक अर्थ उस विश्वास में है, जो उन्होंने हिंदी कविता के प्रति एक नई पीढ़ी के भीतर जगाया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि कविता आज भी लोगों को रुकने, सुनने और भीतर तक महसूस करने के लिए विवश कर सकती है। यदि 'दिनकर' की कविता ने अपने समय में राष्ट्र के भीतर स्वाभिमान और संघर्ष की चेतना को स्वर दिया, तो आधुनिक समय में 'कुमार विश्वास' की वाणी ने कविता को बदलती पीढ़ी के अनुभवों और भावनाओं से जोड़ा। दोनों की भूमिका अपने-अपने समय की आवश्यकताओं से निर्मित हुई है। इसलिए यह तुलना किसी को बड़ा या छोटा सिद्ध करने के लिए नहीं, बल्कि हिंदी की उस निरंतरता को समझने के लिए है, जिसमें हर युग अपनी आवश्यकता के अनुसार एक नया स्वर पाता है। हिंदी की यही निरंतरता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है।

हमारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही



संकलित

दर्शन

हम दीपावली अमावस की रात को मनाते हैं! दीयों की पंक्तियां बाहर जला लेते हैं, पर दीये तो भीतर नहीं जा सकते। भीतर की अमावस तो अमावस ही रहेगी। धोखे छोड़ो! इसे स्वीकार करो कि तुम बुझे हुए दीपक हो। अपने ही कारण तुम बुझे हुए हो। अपने ही कारण भीतर प्रकाश नहीं जागा। कहां चूक हो गई है? वस्तुतः हमारी सारी जीवन-ऊर्जा बाहर की तरफ यात्रा कर रही है। इस बहिर्यात्रा में ही हम भीतर अंधेरे में पड़े हैं। यह ऊर्जा भीतर की तरफ लौटे तो यही ऊर्जा प्रकाश बनेगी। तुम्हारा सारा प्रकाश बाहर पड़ रहा है। सबको देख लेते हो, अपने प्रति अंधे रह जाते हो। जिसने स्वयं को न देखा, उसने कुछ भी न देखा। तुम्हारे भीतर का दीया कैसे जले, सच्ची दीपावली कैसे पैदा हो? उसके सूत्र हैं बड़े मधु-भरे! पीओगे तो जी उठोगे। ध्यान धरोगे इन पर, संभल जाओगे। डुबकी मारोगे इनमें, तो तुम जैसे हो वैसे मिट जाओगे और तुम्हें जैसा होना चाहिए, वैसे ही प्रकट हो जाओगे। सूत्र यह है कि जिस प्रकाश को तुम खोज रहे हो, वह तुम्हारे भीतर बैठा है। तुम्हारी खोज के कारण ही तुम उसे नहीं पा रहे हो। तुम दौड़े जाते हो। थकते हो, गिरते हो। जिसे तुम खोजने चले हो, उस मालिक ने तुम्हारे घर में बसेरा किया हुआ है। तुम जिसे खोजने चले हो, वह अतिथि नहीं है, आतिथेय है। खोजने वाले में ही छिपा है। वह जो गंतव्य है, कहीं दूर नहीं, कहीं भिन्न नहीं, गंता की आंतरिक अवस्था है। अगर उसे देखना हो, उसके प्रति चैतन्य से भरना हो तो आंखें उलटाना सीखना पड़ेगा।

बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित

प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पंडित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पंडित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरूजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पंडित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरूजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पंडित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया की हम बंधे है कैसे एक दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरु जी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बंधन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है? अर्थात नहीं कर सकता है।

अंतर्मन



आज की पाती

बेरोजगार युवा कीमती समय बर्बाद न करें

शिक्षा का मकसद केवल अफसर या बाबू बनने का सपना ही नहीं होना चाहिए। शिक्षा का मकसद विद्यार्थियों को हर उस काम के लिए तैयार करना भी होना चाहिए जिससे वो किसी भी काम को छोटा समझकर अपने रोजगार के अवसर को ठुकरा न दें और बाबू या अफसर बनने के चक्कर में अपना कीमती समय बर्बाद न कर दें। इसमें कोई बुरी बात नहीं है कि बड़े बड़े सपने न देखे जाएं। हर मां-बाप और विद्यार्थियों का सपना होता है कि उच्च शिक्षा और इस पर भारी खर्च करके कोई उच्च कोटि की नौकरी मिल जाए, लेकिन जिस तरह हमारे देश में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है और बेरोजगारी की लाइन लंबी होती जा रही है, उसके लिए जरूरी हो गया है कि युवा रोजगार का कोई भी मौका हाथ से न जाने दें। - *चंद्रकांत वर्मा, सरायपाली*

ट्रेंड

ओजस्वी ज्ञान



जिस ओजस्वी ज्ञान ने पूरे विश्व का मार्गदर्शन किया, उसे समाप्त करने के उद्देश्य से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को जलाया जा सकता है, मगर लोगों की स्मृति में बसे ज्ञान को कोई समाप्त नहीं कर सकता।

-**अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

शिक्षा सिस्टम



भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे आगे बढ़ाना था। पेपर लीक होना, बहुत ज्यादा फीस और खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

'गोवा फर्स्ट' गठबंधन



बीजेपी का वोटर कभी कांग्रेस को वोट नहीं दे सकता। वे हमारे 'गोवा फर्स्ट' गठबंधन को वोट दे सकते हैं, लेकिन चाहे वे बीजेपी से कितने भी निराश या नाराज क्यों न हों, वे कभी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। वे कांग्रेस से नफरत करते हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

वैश्विक शांति



असली शांति एक बच्चे की निडर मुस्कान है जिसकी आंखों में सपने हों, दिल में कोई सीमा न हो, हाथों में किताबें हों और कदम किसी भी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आज़ाद हों। हम दुनिया में दया-भाव के बिना वैश्विक शांति हासिल नहीं कर सकते।

-**कैलाश सत्यार्थी,** बाल अधिकार कार्यकर्ता

करंट अफेयर

नेपाल में बचाव दल ने की 70 मीटर तक सुरंग साफ



नेपाल में 26 अगस्त को अचानक आई बाढ़ की वजह से चिलीमे जलविद्युत परियोजना की सुरंग में फंसे कर्मियों को बचाने की कोशिश कर रहे भारतीय-नेपाली दल 70 मीटर तक का मलबा हटा चुके हैं और माना जा रहा है छह कर्मचारी वहां फंसे हुए हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि सुरंग में जारी बचाव कार्य में मिट्टी खोदने वाली मशीन और मलबा उठाने वाली मशीन की मदद ली जा रही है जिससे अभियान को गति मिली है। उन्होंने कहा कि तकनीकी टीम ने लगभग 70 मीटर और रास्ता साफ किया है। परियोजना प्रबंधक के मुताबिक, जलविद्युत केंद्र सुरंग में और 60 मीटर की गहराई में है। श्रीवास्तव ने कहा कि बचाव दल वहां तक पहुंचने के लिए रात भर काम करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने बचाव स्थल तक पहुंचने के लिए सड़क भी तैयार कर ली है। इसके अलावा, नेपाली सेना ने बताया कि उसने स्याफ्रुबेसी से चिलीमे सुरंग तक एक किलोमीटर से अधिक लंबी पहुंच सड़क बनाई है, जिससे बचाव के उपकरण घटनास्थल के और करीब ले जाए जा सकेंगे। 'खबरहब' समाचार पोर्टल की खबर के मुताबिक, नेपाली सेना और भारतीय बचावकर्मी मिलकर चिलीमे सुरंग के अंदर काम कर रहे हैं।

ऑफ बीट

तापमान दो डिग्री बढ़ने से डूब जाएंगे 1500 तटीय क्षेत्र



दुनिया की अधिकतर प्राकृतिक तटरेखा जीवित रिहायशों द्वारा संरक्षित है, विशेष रूप से गर्म पानी में मैंग्रोव और ध्रुवों के करीब ज्वारीय दलदल। ये पारिस्थितिकी तंत्र मत्स्य पालन और वन्य जीवन की सहायता करते हैं, टकराती लहरों के प्रभाव को अवशोषित करते हैं और प्रदूषकों को साफ करते हैं। लेकिन, इन महत्वपूर्ण सेवाओं को वैश्विक तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और समुद्र के बढ़ते हुए जल स्तर से खतरा है। हमने पाया कि अधिकतर ज्वारीय दलदल और मैंग्रोव समुद्र स्तर की वर्तमान दर, लगभग 2-4 मिमी प्रति वर्ष, के साथ तालमेल बनाए हुए हैं। इन परिस्थितियों में प्रवाल द्वीप भी स्थिर दिखाई देते हैं। कुछ स्थानों पर, जमीन डूब रही है, इसलिए समुद्र के जल स्तर में वृद्धि की सापेक्ष दर अधिक है। भविष्य में जलवायु परिवर्तन के तहत अपेक्षित दरों की तुलना में यह 2-4 मिमी का आंकड़ा दोगुना या अधिक हो सकता है। वे धीरे-धीरे डूब रहे हैं और कुछ मामलों में टूट भी रहे हैं। इसके अलावा, ये समुद्र के जल स्तर में वृद्धि की वही दर है जिसके तहत दलदल और मैंग्रोव भूवैज्ञानिक रिकॉर्ड में डूब जाते हैं। ये मामले हमें गर्म होती दुनिया में भविष्य की झलक दिखाते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

वेनिस रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

इटली के वेनिस में आयोजित वेनिस फिल्म फेस्टिवल में एक तरफ शानदार फिल्मों ने सुर्खियां बटोरीं तो दूसरी तरफ सेलेब्स का फैशन भी लोगों का ध्यान खींचने में सफल रहा। इंडियन एक्ट्रेस मानसी पवार ने भी वेनिस में अपने लुक से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दुनिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में से एक वेनिस फिल्म फेस्टिवल एक बार फिर चर्चा में है। इटली के वेनिस में आयोजित होने वाले इस इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में



दुनियाभर के सितारे पहुंचते हैं और अपने क्लासी और आकर्षक लुक्स से सुर्खियों में छाए रहते हैं। इस बार वेनिस फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर सादगी से भरे क्लासी लुक्स देखने को मिले। मनोरंजन की दुनिया के कुछ स्टार्स ने अपने अलग अंदाज से भी खूब सुर्खियां बटोरीं। एक्ट्रेस मानसी पवार ने भी इटली के वेनिस में आयोजित होने वाले इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की और एक बार फिर अपने लुक को लेकर चर्चा में छा गई हैं।। इटली के वेनिस में आयोजित फिल्म फेस्टिवल में दुनियाभर से फिल्म कलाकार और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग शामिल होते हैं। इसी दौरान मनासी पवार ने भी रेड कार्पेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वेनिस में उनकी उपस्थिति के चलते उनकी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अपीयरेंस चर्चा में है। इससे पहले वह कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी शामिल हुई थीं और इस दौरान भी उनके लुक की काफी चर्चा रही। एक्ट्रेस के लुक की बात करें तो उन्होंने सॉफ्ट पिंक, बॉडी-स्किमिंग गाउन पहना था, जिसका सबसे खास हिस्सा इसका बीडेड डिटेलिंग है। ड्रेस पर मोतियों और बीड्स से बने कर्व्ड पैटर्न पूरे सिल्हूट को उभारते हैं। स्वीटहार्ट-स्टाइल नेकलाइन, जो लुक का फोकल पॉइंट है।

'देवा श्री गणेशा' से लेकर 'सुनो गणपति बप्पा' तक

गणेश चतुर्थी में रंग भरते हैं बॉलीवुड के ये गाने

नई दिल्ली। गणेश चतुर्थी का त्योहार भक्ति, संगीत और जोश से भरा होता है। इसमें उत्साह, हर्ष और उल्लास के रंग भरने में बॉलीवुड ने भी अपना योगदान दिया है। बॉलीवुड ने कई गानों के जरिए गणपति बप्पा के प्रति भक्ति और समर्पण की भावना को अपने अलग अंदाज में पेश किया है। ये गाने सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं रहे। हर गणेश चतुर्थी पंडालों, गलियों और घरों में भी गूंजते हैं। गानों में जहां एक तरफ बप्पा के स्वागत की खुशी साफ झलकती है, वहीं दूसरी तरफ आखिरी दिन उनको विदा करने का दुख और अगले बरस जल्दी आने का वादा भी है।

मौर्या रे: डॉन

जावेद अख्तर की कलम से निकला और शंकर महादेवन की आवाज में गाया गया गाना 'मौर्या रे' गणेश चतुर्थी के त्योहार में एक नया रंग लाता है। यह गाना गणपति विसर्जन जुलूसों में भक्तों को झूमने पर मजबूर करता है। साथ ही गणपति विसर्जन को भी खास बना देता है।

देवा श्री गणेशा: अग्निपथ

बॉलीवुड फिल्म 'अग्निपथ' का गाना 'देवा श्री गणेशा' गणेश चतुर्थी पर सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गानों में से एक है। अमिताभ भट्टाचार्य की कलम से निकले इस गाने को अजय गोगावले ने आवाज दी है। भक्ति में डूबा यह गाना जोशीला और आस्था से भरा है। इसे त्योहार पर खूब बजाया जाता है।

सुनो गणपति बप्पा मोरया : जुड़वा 2

वरुण धवन की अदाकारी वाली फिल्म 'जुड़वा 2' का गाना 'सुनो गणपति बप्पा मोरया' गणेश चतुर्थी के त्योहार पर लोगों में नया जोश भर देता है। दानिश साबरी की कलम से निकले इस गाने को अमित मिश्रा ने आवाज दी है। वरुण धवन ने अपनी डांस और अदाकारी से इस गाने को और खास बना दिया है।



साड्डा दिल भी तू: एबीसीडी

गणेश चतुर्थी के त्योहार पर बजने वाले सबसे बेहतरीन गानों में 'साड्डा दिल भी तू' शामिल है। फिल्म 'एबीसीडी' के इस गाने को मयूर पुरी ने लिखा है, जबकि हार्ड कौर ने इसे आवाज दी है। भक्ति में डूबा यह गाना गणपति विसर्जन पर भक्तों में जोश भर देता है।

गजानना: बाजीराव मस्तानी

फिल्म 'बाजीराव मस्तानी' में गाना 'गजानना' खास मोड़ पर आता है। गणेश चतुर्थी के त्योहार पर यह गाना खूब बजता है। इस गाने को सुखविंदर सिंह की आवाज ने और शानदार बना दिया है। इसके बोल प्रशांत इंगोले ने लिखे हैं।

गणपति अपने गांव चले- अग्निपथ (1990): यह पुराना गीत बप्पा को विदा करते समय भावुक कर देता है। इसका जादू आज भी भक्तों को भावुक कर देता है।

गणपति बप्पा मोरया : शंकर महादेवन (2022): 2022 में रिलीज़ हुआ यह भक्ति गीत कम समय में ही त्योहार की प्लेलिस्ट का हिस्सा बन गया। शास्त्रीय सुर और दिल को छू लेने वाली आवाज़ इसे खास बनाते हैं।

गन्न देव : स्ट्रीट डांसर 3डी (2020): प्रभुदेवा और वरुण धवन वाला यह तेज-तर्रार गाना त्योहार को और मजेदार बना देता है।

गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी : आंसू बने अंगारे - लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया गाना 'गणपति बप्पा अगले बरस तुम जल्दी' बहुत मशहूर है। इसके बोल इंदीवर, देव कोहली और पयाम सईदी ने लिखे हैं। गणेश चतुर्थी के मौके पर यह गाना भक्तों की भावना से जुड़ जाता है। इसका संगीत राजेश रोशन ने तैयार किया है।



आम्रपाली और माही ने उतारी कनिका की नकल

नई दिल्ली। चर्चित शो 'बिग बॉस' के 20वें सीजन ने अच्छी रफ्तार पकड़ ली है। 06 सितंबर को शुरू हुए इस शो का बीते दिन पहला वीकएंड का वार एपिसोड आया। इसमें सलमान खान घर वालों से रूबरू हुए। पहला हफ्ता कैसा रहा, सभी से पूछा। कुछ गेम खेले और टास्क हुए। इस बीच खूब हंसी-मजाक का माहौल भी देखा गया। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में



प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ बॉन्डिंग पर बात की। इसी बीच सलमान खान के सामने आम्रपाली दुबे और माही विज ने कनिका की नकल उतारी। दरअसल, यह टास्क सलमान खान ने उन्हें दिया था। सलमान खान ने कहा, 'आम्रपाली और माही, कनिका बनकर एक-दूसरे से बात कीजिए'। इस पर माही और आम्रपाली ने जिस अंदाज में मिमिक्री की, वह देखकर सलमान खान भी जोर से हंसे। जियो हॉटस्टार पर साझा किया गया यह विलप खूब वायरल हो रहा है। कनिका की मिमिक्री वाले इस वीडियो पर नेटिजंस की प्रतिक्रिया आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'आम्रपाली के एक्सप्रेशन गजब के हैं'। एक यूजर ने लिखा, 'आम्रपाली बेस्ट हैं'। कुछ लोग माही के अदाकारी को बेस्ट बता रहे हैं। वहीं, कनिका के फैंस ने भी कमेंट बॉक्स में हाजिरी लगाई है और उन्हें दीवा कहा है।

ग्लोबल पॉप स्टार गागा के घर गूंजी किलकारी



लॉस एंजिल्स। लेडी गागा के घर किलकारी गूंजी है। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, ग्लोबल पॉप स्टार ने मंगेतर, बिजनेसमैन माइकल पोलान्स्की के साथ पहले बच्चे का स्वागत किया है। हालांकि, कपल ने अभी तक बच्चे के नाम और जन्म की तारीख आदि जानकारी को लेकर खुलासा नहीं किया है। लेडी गागा और पोलान्स्की को हाल ही में उत्तरी कैलिफोर्निया में अपने परिवार के साथ देखा गया था। बच्चे के साथ कपल की यह पहली सार्वजनिक झलक थी। ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली सिंगर के लिए यह समय काफी प्राइवेट रहा है, जिसके बाद वे अब सबके सामने आई हैं। 40 वर्षीय लेडी गागा और उनके 42 वर्षीय मंगेतर पोलान्स्की पिछले कुछ महीनों से लाइमलाइट से दूर रहे हैं। 'पेज सिक्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, कपल के प्रतिनिधियों ने इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की। लेडी गागा काअसली नाम स्टेफनी जोआन एंजेलिना जर्मनोटा है। आखिरी बार वे अगस्त में सार्वजनिक रूप से नजर आई थीं, जब वे उत्तरी कैलिफोर्निया में एक फैन के साथ सेल्फी लेने के लिए रुकी थीं। उससे पहले, उन्हें मई में लॉस एंजिल्स के 'द ग्रोव' में देखा गया था।



हर किरदार को देनी चाहिए अहमियत

मुंबई। सोनाली कुलकर्णी ने आमिर खान के फिल्म 'दंगल' में पिता का किरदार निभाने पर जमकर तारीफ की। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि फिल्मी दुनिया में हर किरदार को अहमियत देनी चाहिए। सोनाली कुलकर्णी ने अपने इंटरव्यू में मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान पर कहा, 'आमिर खान किरदारों के साथ बेहतरीन प्रयोग करते हैं। मुझे नहीं लगता कि 'दंगल' में जो उन्होंने किया है वो कोई और कर सकता है। आमिर खान के पोस्टर्स लगते हैं। लड़कियां बेकरार हैं उनसे शादी करना चाहती हैं। उन्होंने बिना किसी मेकअप के चार बेटियों के पिता का किरदार निभाया है। वह बहुत मेहनत कर रहे हैं और हर दिन अपनी कला को निखार रहे हैं। अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी हिंदी सिनेमा के साथ-साथ मराठी फिल्मों की भी पॉपुलर एक्ट्रेस हैं।



बड़े लेवल पर कृष्णावतारम का अगला पार्ट

मुंबई। 'कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट (हृदयम)' का निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है। फिल्म में सिद्धार्थ गुप्ता ने कृष्ण का किरदार निभाया है। वहीं, सुष्मिता भट्ट राधा, निवाशिनी कृष्णन रुक्मिणी और संस्कृति जयंना सत्यभामा के रोल में नजर आई हैं। फिल्म 7 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब इसके अगले पार्ट को लेकर प्रोड्यूसर ने बड़ा अपडेट शेयर किया है। फिल्म की निर्माता शोभा संत ने बताया है कि फ्रेंचाइजी के दूसरे और तीसरे पार्ट की स्क्रिप्ट पर एक साथ काम चल रहा है। फिल्म का अगला पार्ट बड़े लेवल पर बनाया जाएगा और इसमें काफी वीएफएक्स का इस्तेमाल होगा। इसी वजह से पार्ट 2 को सिनेमाघरों तक पहुंचने में समय लगेगा। फिलहाल इसे 2028 में रिलीज करने की योजना है। मेकर्स अब पहली फिल्म को एक बार फिर दर्शकों के बीच लाने की तैयारी कर रहे हैं।

टीवी मसाला



रोहित के बयान पर विवाद, टीवी को कूड़ेदान बोलने पर भड़की देवोलीना

नई दिल्ली। अभिनेता रोहित रॉय ने टीवी को 'कूड़ेदान जैसा माध्यम' कहकर चर्चा छेड़ दी है। रोहित ने कहा कि फिल्म स्टार्स में एक खास तरह का स्टाइल और क्लास होता है जो अक्सर टेलीविजन कलाकारों में नहीं दिखता। इस पर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने रोहित रॉय की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं। रोहित रॉय की बातों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेत्री ने कहा कि रोहित उसी माध्यम का अपमान कर रहे थे, जिसने उन्हें काम और पहचान दी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर वह टेलीविजन के बारे में इतना बुरा सोचते थे, तो इतने वर्षों तक इसका हिस्सा क्यों बने रहे। देवोलीना ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'लोगों की एक अजीब आदत होती है कि वे उसी हाथ को काटते हैं जो उन्हें खिलाता है। उसी थाली में छेद करते हैं जिसमें वह खाते हैं। उनकी बातें बिल्कुल वैसी ही लग रही हैं। फिल्मों की तो बात छोड़िए, सच कहूं तो मुझे यह भी याद नहीं कि वह किस टीवी सीरीज में थे। सच कहूं तो, ज्यादातर लोग उन्हें सिर्फ रोनित रॉय के भाई के तौर पर जानते हैं। अगर टीवी इतना ही बुरा था, तो उन्होंने इतने वर्षों तक इसका हिस्सा बने रहने का फैसला क्यों किया? अब वह उसी माध्यम को 'डस्टबिन' कह रहे हैं।' देवोलीना ने यह भी कहा कि रोहित की बातों को उन बॉलीवुड एक्टर्स पर तंज के तौर पर देखा जा सकता है जो अक्सर टेलीविजन पर आते हैं। उन्होंने कहा, 'आज हर बड़ा बॉलीवुड स्टार अपनी फिल्मों को प्रमोट करने, रियलिटी शो होस्ट करने और दर्शकों से जुड़े रहने के लिए टेलीविजन पर आता है। क्या वह यह कहना चाह रहे हैं कि वे सभी 'डस्टबिन मीडियम' में काम कर रहे हैं? यह बस उसी इंडस्ट्री को नीचा दिखाकर ध्यान खींचने की एक हताश कोशिश लगती है जिसने उन्हें बनाया है।' इससे पहले रोहित रॉय ने किंडल कास्ट से बातचीत में कहा था कि मुझसे यह सवाल कई बार पूछा गया है और कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझे एहसान-फरामोश नहीं लगना चाहिए। मगर टेलीविजन एक 'डस्टबिन मीडियम' है। आप इसे आज देखते हैं, यह कल के अखबार जैसा होता है। कल आप इसे भूल जाते हैं। इसलिए भारत में दुर्भाग्य से जिस तरह का और जितना कंटेंट बनाया जा रहा है, उसमें शायद ही कोई क्रिएटिविटी होती है।'

पदयात्रा का ट्रेलर रिलीज ममूटी बने डॉक्टर

मुंबई। मलयालम सुपरस्टार ममूटी ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'पदयात्रा' का ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म के लिए एक्टर 32 साल के लंबे अंतराल के बाद मशहूर फिल्ममेकर अडूर गोपालकृष्णन के साथ फिर से काम करने जा रहे हैं। 'पदयात्रा' का ट्रेलर भी चर्चा में बना हुआ है, जो 1 मिनट 14 सेकंड का है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि पद्म भूषण से सम्मानित ममूटी फिल्म में एक डॉक्टर का किरदार निभा रहे हैं। गोपालकृष्णन की 13 फिल्मों में से 4 में ममूटी काम कर चुके हैं और अब दोनों 5वीं फिल्म में साथ नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत ममूटी के किरदार के सुबह उठने और स्ट्रेचिंग करने के बाद घर से निकलने से होती है, जब काम की जगह पर कोई उन्हें याद दिलाता है कि समय बदल रहा है और इसके लिए कुछ समझौते करने पड़ते हैं तो ममूटी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'समय नहीं बदलता, हम बदलते हैं।' इसके बाद हम एक गांव के लोगों को यह अंदाजा लगाते हुए देखते हैं कि ममूटी के डॉक्टर वाले किरदार के पास इतना पैसा कैसे है। इस बीच डॉक्टर अपना काम करते रहते हैं और एक



महिला मरीज को सलाह देते हैं कि वह बदलाव को अपने इलाज के तौर पर अपनाए। वे कहते हैं, 'जब तुम्हें भागने का मौका मिले तो पीछे मुड़कर मत देखना।' माओवादी हमले के शक के कारण कई घटनाएं होती हैं, जिनमें पुलिस का डॉक्टर से भी पूछताछ करना शामिल है। एक पुलिसकर्मी कहता है, 'जब कोई शिकायत आती है तो हम जांच करने के लिए बाध्य होते हैं' और इसी दौरान पुलिस ममूटी के चेहरे पर टॉर्च की रोशनी डालती है। ट्रेलर के आखिर में इशारा मिलता है कि उन पर लगे आरोप देशद्रोह तक पहुंच जाते हैं। ममूटी और अडूर गोपालकृष्णन ने पहली बार 1987 में साइकोलॉजिकल ड्रामा 'अनंतराम' के लिए साथ काम किया था।

दिलजीत ने रचा वेम्बली स्टेडियम में इतिहास, भारत में होगा अगला शो

मुंबई। दिलजीत दोसांझ ने शनिवार को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में परफॉर्म करके नया इतिहास रच दिया। दरअसल, वहां के मैदान पर सिंगर मेन हेडलाइनर के तौर पर शो करने वाले दुनिया के पहले पंजाबी सिंगर बन गए हैं। शो की शुरुआत दिलजीत ने अपने मशहूर डायलॉग 'पंजाबी आ गए वेम्बली ओए!' के साथ की और कहा कि ये सिर्फ एक कॉन्सर्ट नहीं है, बल्कि ये पल हमेशा के लिए इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहा है। अब उन्होंने वहीं से ही अपने अगले शो को ऐलान कर दिया है, जो भारत में अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाला है। पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। शनिवार, 12 सितंबर को उन्होंने लंदन के वेम्बली स्टेडियम में लाइव शो

किया। शो के दौरान ही दिलजीत ने अपने अगले कॉन्सर्ट का भी ऐलान कर दिया, जिसे सुनकर उनके भारतीय फैंस खुशी से झुम उठे। दरअसल, घोषणा करते हुए सिंगर ने बताया कि लंदन के बाद अब वह अगला कॉन्सर्ट भारत के अहमदाबाद शहर में करने वाले हैं। वेम्बली स्टेडियम में कॉन्सर्ट करते हुए दिलजीत दोसांझ ने दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम यानी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का जिक्र किया। दिलजीत ने बातचीत के दौरान वहां हुए कोल्डप्ले के हाउसफुल कॉन्सर्ट को भी याद किया।

सिंगर ने कहा, 'भारत का सबसे बड़ा स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम है। एक विदेशी ग्रुप ने वहां पूरा स्टेडियम हाउसफुल कर दिया था। उनके लिए सम्मान और बहुत-बहुत बधाई। लेकिन भारत के अपने स्टेडियम में पंजाबी परचम न लहराए, ऐसा तो मुमकिन ही नहीं है।' इसके बाद दिलजीत ने बिना देरी किए अहमदाबाद कॉन्सर्ट की तारीख भी कन्फर्म कर दी। उन्होंने दर्शकों से कहा, 'हम 21 नवंबर, 2026 को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में परफॉर्म करेंगे।'

स्वेटपैंट्स में दिखाएंगे अपने जौहर

मुंबई। एक्टर मयूर वर्मा इन दिनों अपने हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। एक्टर जल्दी ही 'स्वेटपैंट्स' के जरिए हॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं, जिसे लेकर खुद मयूर और उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। अली फजल, आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, तब्बू से लेकर अनिल कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भारतीय फिल्मों के साथ-साथ इंटरनेशनल फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा दिखा चुके हैं और जल्दी ही कई अन्य बॉलीवुड स्टार हॉलीवुड सिनेमा की दुनिया में बहुप्रतीक्षित और रोमांचक प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी छाप छोड़ते हुए नजर आएंगे।



ऋषभ, ऐश्वर्या और तेजा का 'सीमा 2026' में रहा दबदबा, इन सितारों ने जीते पुरस्कार

बेंगलुरु। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स के पहले दिन तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के सितारों को सम्मानित किया गया, जिसमें तेजा सज्जा, ऐश्वर्या राजेश और ऋषभ शेट्टी जैसे कलाकार विजेता रहे। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स के 14वें एडिशन में तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा के कई सितारे शामिल हुए। बेंगलुरु आयोजित इस समारोह में विजेताओं के नामों की घोषणा की गई, उनमें तेजा सज्जा, ऐश्वर्या राजेश और ऋषभ शेट्टी शामिल थे। सीमा 2026 का आयोजन 12 और 13 सितंबर को कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में किया गया। इन पुरस्कारों को भाषा के आधार पर दो दिनों में बांटा गया है। 12 सितंबर को तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों को सम्मानित किया गया, जबकि 13 सितंबर को तमिल और मलयालम सिनेमा को सम्मानित किया। इसके पहले साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स 2025 दुबई में हुआ था, जिसमें अल्लू अर्जुन को बेस्ट एक्टर और रश्मिका मंदाना सर्वश्रेष्ठ एक्ट्रेस का पुरस्कार मिला।

तेलुगु विजेता

तेजा सज्जा ने 'मिराई' में अपनी बेहतरीन एक्टिंग के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता। पहले दिन तेलुगु सिनेमा के लिए मिले खास सम्मानों में एक्टर की यह जीत भी शामिल थी।

ऐश्वर्या राजेश के लिए भी यह शाम शानदार रही। उन्हें 'संक्रांति की वस्तुनाम' के लिए 'बेस्ट एक्ट्रेस' और 'बेस्ट एक्ट्रेस (क्रिटिक्स)' दोनों अवॉर्ड मिले।

साक्षी म्हाडोलकर को 'मोगली' के लिए दो कैटेगरी में सम्मानित किया गया। उन्होंने 'बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे वह तेलुगु विजेताओं में एक खास नाम बन गईं।



म्यूजिक कैटेगरी में भी 'संक्रांति की वस्तुनाम' और 'कोर्ट: स्टेट वर्सेस ए नोबडी' को सम्मान मिला। रमना गोगुला ने 'संक्रांति की वस्तुनाम' के गाने 'गोदारी गट्टू' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल)' का अवॉर्ड जीता, जबकि समीरा भारद्वाज को 'कोर्ट: स्टेट वर्सेस ए नोबडी' के गाने 'प्रेमालो' के लिए 'बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल)' चुना गया।

कन्नड़ विजेता

पहले दिन कन्नड़ सिनेमा के भी कई विजेताओं को सम्मान मिला। ऋषभ शेट्टी ने 'कांतारा: चैप्टर 1' के लिए 'बेस्ट एक्टर' का अवॉर्ड जीता, जिससे फिल्म में उनकी परफॉर्मेंस के लिए उन्हें एक और बड़ी पहचान मिली।

'गाथा वैभव' के लिए SS दुष्यंत को 'बेस्ट डेब्यू एक्टर' चुना गया। वहीं 'सू फ्रॉम सू' के लिए जे. पी. थुमिनाड ने 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर' और 'बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर' का अवॉर्ड जीता।

पहले दिन के नतीजों में जाने-माने स्टार्स और नए कलाकारों, दोनों के काम को सराहा गया। अवॉर्ड्स में एक्टिंग टैलेंट और कैमरे के पीछे के काम दोनों को मान्यता दी गई।

खबर संक्षेप

एनएसई का आईपीओ 17 सितंबर को खुलेगा



नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,700-1,785 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। एनएसई ने बताया कि 22,569 करोड़ रुपये का यह आईपीओ 17 सितंबर को खुलेगा और 21 सितंबर को बंद होगा। 2024 में हुंडई मोटर इंडिया

जूट के बोरों की कीमत पर हस्तक्षेप की मांग की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री अर्जुन सिंह ने जूट के बड़े बोरों की कीमत से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से हस्तक्षेप की मांग की है। श्रम मंत्री ने कहा कि इस मामले का जूट मिलों की श्रम और पूजा बोनस संबंधी देनदारियों को पूरा करने की क्षमता पर सीधा असर पड़ता है। सिंह ने केंद्र से आग्रह किया कि अगस्त 2026 के लिए 'बी टविल जूट' के बोरों की कीमत की समीक्षा कर उसे अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित शुल्क आयोग के सूत्र के अनुसार अधिसूचित किया जाए।

स्बरबैंक को 10 अतिरिक्त शाखाएं खोलने की मंजूरी



नई दिल्ली। रूस के सबसे बड़े बैंक स्बरबैंक ने कहा कि वह द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए भारत में 10 नई शाखाएं खोलकर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इस समय बैंक नयी दिल्ली और मुंबई में कार्यालयों के साथ एक शाखा मॉडल पर भारत में काम कर रहा है। बैंक ने 10 शहरों में खोले जाने वाले 10 शाखा लाइसेंसों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनुमति मांगी है।

जिंदल स्टील ने 'स्टील स्लग' से तैयार की दुनिया की सबसे लंबी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सड़क को गिनीज वर्ल्ड से मिली मान्यता, कंपनी ने यह उपलब्धि सीएसआईआर के सहयोग से प्राप्त की

जिंदल स्टील लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 'स्टील स्लैग' से बनी दुनिया की सबसे लंबी सड़क तैयार कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से मान्यता हासिल की है। कंपनी ने यह उपलब्धि सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान के सहयोग से हासिल की है। करीब 1.85 किलोमीटर लंबी और चार लेन वाली इस सड़क के निर्माण में लगभग दो लाख टन प्रसंस्कृत स्टील स्लैग का इस्तेमाल किया गया है। इस प्रौद्योगिकी में सड़क निर्माण के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले प्राकृतिक पत्थर और अन्य चीजों की जगह स्टील स्लैग का उपयोग किया गया है। स्टील स्लैग इस्पात बनाने की प्रक्रिया के दौरान निकलने वाला ठोस औद्योगिक उप-उत्पाद (अपशिष्ट पदार्थ) है। वैज्ञानिक और तकनीकी प्रक्रिया से इसे प्रसंस्कृत कर सड़क निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता है।

मरम्मत व रखरखाव की जरूरत कम हो गई

इससे सड़क की मरम्मत और रखरखाव की जरूरत भी कम हो सकती है। भारत में इस्पात उत्पादन बढ़ने के साथ आने वाले वर्षों में स्टील स्लैग का उत्पादन भी बढ़कर करीब छह करोड़ टन सालाना होने का अनुमान है। ऐसे में सड़क निर्माण में स्टील स्लैग का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल औद्योगिक कचरे के बेहतर प्रबंधन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के महत्तम इस्तेमाल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे सकता है।



30 से 40 प्रतिशत तक अधिक किफायती

चेयरमैन ने कहा कि स्टील स्लैग को सड़क निर्माण में उपयोगी संसाधन में बदलना देश की स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्षमता को दर्शाता है। कंपनी के अनुसार, वैज्ञानिक रूप से तैयार स्टील स्लैग से बनी सड़कें पारंपरिक निर्माण सामग्री की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक किफायती हो सकती हैं और इनकी उम्र सामान्य बिटुमिनस सड़कों की तुलना में तीन गुना तक अधिक हो सकती है।

पर्यावरण की भी रक्षा

जिंदल ने कहा कि भारत की विकास यात्रा ऐसी नई प्रौद्योगिकी पर आधारित होनी चाहिए, जो आर्थिक मूल्य पैदा करने के साथ पर्यावरण की भी रक्षा करें। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस परियोजना को वैज्ञानिक नवोन्मेषण को वास्तविक बुनियादी ढांचे में बदलने का मजबूत उदाहरण बताया।

भारत की रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल से पेट्रोल तैयार किया जा रहा

यूक्रेन के हमलों के बीच रूस ने अगस्त में भारत से ईंधन का किया रिकॉर्ड आयात

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रूस ने अगस्त में रिकॉर्ड 1.72 लाख टन पेट्रोलियम उत्पादों का आयात किया। इसमें भारत की उस रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल से तैयार किया गया पेट्रोल भी शामिल है, जिसमें रूस की सरकारी तेल कंपनी रोसनेफ्ट की आंशिक हिस्सेदारी है। यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण रूस की घरेलू रिफाइनिंग क्षमता प्रभावित होने के बीच यह आयात बढ़ा है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की मासिक रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रूस के तेल उत्पादों के कुल आयात में भारत की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत रही। भारत ने अगस्त में रूस को 1.20 लाख टन पेट्रोल की आपूर्ति की, जिसकी कीमत करीब 7.8 करोड़ यूरो थी।

सीआरईए के अनुसार, रूस में आयात किए गए तेल उत्पादों की मात्रा पिछले मासिक रिकॉर्ड से सात गुना से अधिक और पूरे 2025 में आयात की गई मात्रा की तुलना में करीब तीन गुना रही। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत से रूस भेजा गया पूरा पेट्रोल गुजरात स्थित वाडिनार रिफाइनरी में तैयार किया गया था और इसे यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के दायरे में आने वाली नायरा एनर्जी ने रोसनेफ्ट को बेचा। रोसनेफ्ट के पास नायरा एनर्जी की 49.13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सीआरईए के मुताबिक, 2026 के पहले आठ महीनों में वाडिनार रिफाइनरी के लिए इस्तेमाल किया गया पूरा कच्चा तेल रूस से आया, जबकि 2025 में यह हिस्सेदारी 81 प्रतिशत थी।

रूस ने अगस्त में रिकॉर्ड 1.72 लाख टन पेट्रोलियम उत्पाद किया आयात



रूस के बंदरगाहों से लोडिंग तीसरे माह घटी

सीआरईए ने कहा कि रूस के बंदरगाहों से तेल उत्पादों की 'लोडिंग' लगातार तीसरे महीने घटी और अगस्त, 2025 के स्तर के आधे से भी कम रही। यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण रूस के चौथे सबसे बड़े तेल उत्पाद निर्यात बंदरगाह रहे तुप्से से लगातार तीसरे महीने तेल उत्पादों की एक भी खेप रवाना नहीं हुई। यहां मई से लगातार यूक्रेनी ड्रोन हमलों का असर देखा जा रहा है।

आयात में पेट्रोल की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत

अगस्त में उसके कुल तेल उत्पाद आयात में पेट्रोल की हिस्सेदारी 74 प्रतिशत रही, जबकि 2023 से 2025 के बीच इसका औसत केवल छह प्रतिशत था। अगस्त में दक्षिण कोरिया ने रूस को 18,000 टन तेल उत्पादों की आपूर्ति की, जिनमें अधिकांश गैसऑयल था। वहीं, मिस्र ने करीब 25,000 टन डीजल रूस को निर्यात किया, जिसकी कीमत 1.6 करोड़ यूरो थी। इस बीच, अगस्त में रूस से समुद्री मार्ग के जरिये होने वाला तेल उत्पाद निर्यात मात्रा के आधार पर 21 प्रतिशत घट गया।

एनएमडीसी ने क्षमता निर्माण कार्यक्रम से सतर्कता जागरूकता को किया मजबूत

हैदराबाद। सतर्कता जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए एनएमडीसी के सतर्कता विभाग ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के मार्गदर्शन में चिन्हित प्रमुख फोकस क्षेत्रों को शामिल करते हुए 10 और 11 सितंबर को हैदराबाद में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। एनएमडीसी की विभिन्न परियोजनाओं और प्रधान कार्यालय से करीब 55 अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने सार्वजनिक खरीद, अनुबंध प्रबंधन और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए। उद्घाटन सत्र में एनएमडीसी के निदेशक (उत्पादन) जॉयदीप दासगुप्ता



और मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) सी. नीलकंठ रेड्डी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी दो महत्वपूर्ण और संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। एम.के. सिंह ने प्रासंगिक केस स्टडी और अपने व्यापक व्यावसायिक अनुभव के माध्यम से सार्वजनिक खरीद तथा पोस्ट-अवार्ड अनुबंध प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक जानकारी दी।

खोज से उत्पादन तक पहुंचा एवेलम पार्टनर प्रोजेक्ट

किर्गिस्तान में भारत के निवेश की 'गोल्डन एंट्री'

बिश्केक। किर्गिस्तान में भारतीय निवेश ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। देश के नरीन क्षेत्र स्थित सोल्टन-सारी गोल्ड डिपॉजिट में एवेलम पार्टनर एलएलसी के गोल्ड रिकवरी प्लांट को टेस्ट मोड में शुरू कर दिया गया है। किर्गिस्तान की स्वतंत्रता की 35वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति ने प्लांट का टेस्ट रन शुरू किया। इस परियोजना की खास बात यह है कि एवेलम पार्टनर किर्गिस्तान में भारत का पहला ऐसा निवेश प्रोजेक्ट बन गया है, जिसने खनिज की खोज से लेकर औद्योगिक उत्पादन के चरण तक का सफर पूरा किया है।



भारत-किर्गिस्तान निवेश सहयोग का अहम उदाहरण

गोल्ड रिकवरी प्लांट का टेस्ट मोड में शुरू होना भारत और किर्गिस्तान के बीच खनन क्षेत्र में निवेश सहयोग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परियोजना ने यह दिखाया है कि भारतीय कंपनियों का निवेश केवल समझौते या शुरुआती खोज तक सीमित नहीं है, बल्कि वह वास्तविक औद्योगिक उत्पादन तक भी पहुंच सकता है। एवेलम पार्टनर के मुताबिक, परियोजना में राज्य, स्थानीय समुदाय और साझेदारों के साथ पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से काम करने पर जोर दिया गया है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरे-815)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरे-309)

शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यक है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड,मोवा , थाने के सामने, रायपुर । मोबाइल : 9827109679. (आरे-285)

मार्केटिंग/सेल्स

आवश्यकता है- OBN मार्केटिंग को सेल्स एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है. फ्रैंचाईस लेकर पूरे भारत में कहीं से भी कार्य करें. 7000596044.(आरे-329)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता

Requirement- TARANG EDUCATION.10 post- 15,000 to 30,000 per month Qualification- 12th and Graduation phone number- 9767652798. (आरे-849)

टेक्नीशियन/हेल्पर

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों मे सीसीटीवी अलार्म सिस्टम लगाने एंव मेन्टेंनश कार्य हेतु, टेक्नीशियन वायरमैन, हेल्पर फील्ड वर्कर जो बाहर आने जाने हेतु कार्य कर सके। संपर्क- गेटवे सिक्योरिटी सॉल्यूशन रायपुर 9424267185, 9112114811. (आरे-847)

ऑफिस स्टाफ

आवश्यकता है- न्यू कंपनी विस्तार हेतु आवश्यकता हैः- लड़के एवं लड़कियों की सैलरी 12,000 से 15,000 हजार, पता:- सुंदर नगर रायपुर छत्तीसगढ़ संपर्क करें- 7722856852, 8962606852.(आरे-206)

सेल्स/मैनेजर

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- आयुर्वेदिक कंपनी में कार्य हेतु सेल्स वर्कर 5, फिल्ड वर्कर 3, सेल्स मैनेजर- 2, की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- 8000 - 15000 मो - 6268279954.(आरे-1364)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

वेल्डर/कटिंग ऑपरेटर

आवश्यकता है- फैब्रिकेशन कार्य हेतु वेल्डर एवं गैस कटिंग ऑपरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें। स्थान: बाराडेरा- धनसुली, मंदिरहसौद, रायपुर। मो. 7024347173.(आरे-070)

अकाउंटेंट

आवश्यकता है- अकाउंटेंट चाहिए (3पद)जिसे जीएसटी एवं टेलिप्राइम का अनुभव हो राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क करें - 98261-38080 बायोडाटा भेजें (W), 78989-22204 , इंटरव्यू -21/9/26 शाम-4:00 बजे (आरे - 333)

फील्ड मैनेजर/ड्रायवर

आवश्यकता है- किराया भंडार में काम करने के लिए फील्ड मैनेजर-3 ,कॉमर्शियल ड्राइवर तीन पद वेतन योग्यतानुसार समय दोपहर 1 से 4 बजे तक। चावला किराया भंडार गुरुद्वारा के पास स्टेशन रोड दुर्ग। 8821801000, 89594321252.(आरे - 335)

सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- Diploma /BTech civil (10 पद) अनुभवी एवं फ्रेशर दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं ADANI CEMENT ACC राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क - 98261-38080 बायोडाटा भेजें 78989-22204(W), 18/9/2026 इंटरव्यू, शाम-4:00 बजे (आरे - 332)

ड्रायवर/डिलीवरी/शॉप वर्क

आवश्यकता है- (1) ड्राइवर (ई रिक्शा/ लोडर) (2) वेजीटेबल डिलवरी स्टाफ (3) वेजीटेबल शॉप स्टाफ Timings- 8-AM To 6-PM, Age 18-40 yrs, वेतन+ Petrol. खुद के 2-व्हीलर और स्मार्ट फोन, Contact- शॉप नं-3, शास्त्री मार्केट, रायपुर 9039043916, 8319726147. (आरे-071)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- बालोद जिला हेतु (10 पद) सेल्स एवं मार्केटिंग के लिए diploma civil, BTech civil, MBA sales/ marketing फ्रेशर एवं अनुभवी दोनों उम्मीदवार आवेदन करें ADANI CEMENT ACC / राजा स्टील ट्रेडर्स रिसाली भिलाई संपर्क -98261-38080 बायोडाटा भेजें -78989-22204 (W), इंटरव्यू 18/9/2026 शाम-4:00 बजे (आरे - 334)

ऑपरेटर/सेल्समैन

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, अकाउंटेंट, बैटरी ऑटो ड्राइवर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। पता- श्रीट्रेडर्स, दुकान नं. 236-237, औषधि वाटिका मेडिकल कॉम्प्लेक्स, डूमरतराई, रायपुर बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 9425219248, 8602412770. (आरे-41834)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515. (आरे-4171)

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें- 7898855268. (RO-41750)

जमीन

जमीन बेचना है- जोरा मॉल के आगे धरमपुरा में 4056.52 वर्गफीट जमीन रोड़ टच, टाइटल क्लियर, तुरंत रजिस्ट्री, ब्रोकर एंव खरीददार संपर्क करें- 6262676856, 9926906005.(आरे-7357)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मकान/प्लाट

मकान एवं प्लाट बेचना है- माधव राव सप्रे वार्ड रायपुर गोकुलधाम सोसायटी के सामने भूतल पर 800 वर्ग फीट में निर्मित मकान सर्व सुविधा युक्त मेंन रोड से 100 फीट पर चुकता कीमत 37 लाख एवं नया राजधानी (जामगांव अभनपुर) पर डायवर्सन प्लाट 1000 फुट को चुकता रेट 6 लाख में बेचना है। संपर्क करें:- 8827380696, 9754685471, 8960002971, 8435931717. (आरे-204)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-विवाद पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूरी जानकारी लेने व संतुष्टि के उपरांत ही सहयोग करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तात्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोत्ता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर 96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।



RAIPUR SMART BUSINESS
AUDIT
15,000/- से शुरु
◆ GST रजिस्ट्रेशन 500/- ◆GST फाइलिंग 500/-
◆ Income Tax ITR फाइल मात्र 500/-
• MSME • TDS • CMA DATA • फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क : शेखर गुप्ता onlytds.com
पता- सी-74, सेक्टर-1, जुवेस्ता हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाऐं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

यौन रोग व यौन कमजोरी

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच कराऐं। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

बाबरी रिसर्च एन्ड क्लिनिक केयर सिन्टर आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(यौन रोग विशेषज्ञ)
निर्शांत प्रकाशात (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

काला जादू विरोधी कानून बनाने वैज्ञानिकों ने लिखा सरकार को पत्र

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मशहूर वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और कार्यकर्ताओं के एक समूह ने सरकार से ई20 इंधन के रोलआउट को रोकने, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को समाप्त करने और देश भर में काला जादू विरोधी कानून बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी नीतियां वैज्ञानिक सबूतों पर आधारित होनी चाहिए। मुंबई में शनिवार को 'इंडिया मार्च फॉर साइंस' के दौरान एक जॉइंट अपील जारी करते हुए हस्ताक्षर कर्ताओं ने छद्म विज्ञान को बढ़ावा देने, सबूतों को दरकिनार करने वाली सरकारी नीतियों और शिक्षा और रिसर्च में घटते सरकारी निवेश पर चिंता जताई है। इस अपील पर कई वैज्ञानिकों और कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

ई-20 फ्यूल पॉलिसी रोकने की मांग : इस समूह ने ई20 फ्यूल पॉलिसी को तुरंत रोकने की मांग करते हुए लाइफ-साइकिल एनवायरनमेंटल असेसमेंट और सहायक बुनियादी ढांचे की कमी का हवाला दिया है। इस समूह की अपील में हाल ही में हुए पेपर लीक और देश भर में नीट के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन का भी हवाला दिया गया और एनटीए को खत्म करने के साथ ही परीक्षा प्रणाली में बदलाव करने की मांग की है। इसके साथ ही, वैज्ञानिकों ने पिघलते ग्लेशियर, समुद्र के बढ़ते जलस्तर, इकोसिस्टम के खत्म होने और प्रजातियों के तेजी से विलुप्त होने पर चिंता जताई है।

शिक्षा के लिए आवंटित हो बजट : वैज्ञानिकों की मांग है कि केंद्रीय बजट से कम से कम 10% और राज्य बजट से कम से कम 30% हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित किया जाए। इसके साथ ही, रिसर्च पर होने वाले कुल खर्च को जीडीपी के मौजूदा 0.7 प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 3 प्रतिशत करने की भी मांग की गई।

'इंडिया मार्च फॉर साइंस' के दौरान अपील जारी कर उठाईं तीन मांगें



विज्ञान अपनाएं, भविष्य सुरक्षित करें : आयोजकों ने विज्ञान अपनाएं, भविष्य सुरक्षित करें के नारे के तहत वैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्रों और नागरिकों से वैज्ञानिक पद्धति और तार्किक सोच को अपनाने का आग्रह किया, ताकि भारत के सामूहिक भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। बता दें, 2017 में दुनिया के लगभग 600 शहरों में 'इंडिया मार्च फॉर साइंस' की शुरुआत हुई थी। इसके भारतीय चैप्टर सबूत-आधारित नीति-निर्माण और रिसर्च के लिए अधिक फंडिंग की वकालत करने के लिए देश भर में सालाना रैलियां आयोजित करते हैं। ये प्रमुख हस्तियों ने किए हस्ताक्षरइसमें सीईबीएस मुंबई के पद्म भूषण मुंबई के पद्म भूषण पुरस्कार विजेता प्रो. एम. एस. रघुनाथन; एसएसबी पुरस्कार विजेता और 'बेकथ्रू साइंस सोसाइटी' के अध्यक्ष प्रो. एस. जी. दानी; एचबीसीएसई-टीआईएफआर के प्रो. अनिकेत सुले; मुंबई यूनिवर्सिटी और पूर्व टीआईएफआर के प्रो. बी. एम. अरोड़ा; पूर्व टीआईएफआर के डॉ. एन. कृष्णन; और मुंबई प्रेस क्लब के सचिव अनिल कुमार सिंह शामिल हैं।

जैकेट के शेष

छोटी-बड़ी गणपति मूर्तियों ....

रुपए तक हैं, वहीं बड़ी गणपति मूर्तियों के दाम 50 हजार से पांच लाख तक हैं। शहरों की सार्वजनिक गणेश समितियों आमतौर पर एक लाख से ज्यादा दाम के ही गणपति रखे जाते हैं। मूर्तिकारों और बड़े कारोबारियों का अनुमान है, राज्य में छोटे गणपति का 500 करोड़ का कारोबार होता है और बड़ी मूर्तियां 200 करोड़ की बिकती हैं। इस बार महंगाई के कारण दाम भी करीब डबल हो गए है। बीते साल छोटे गणपति दो से तीन सौ में मिल जाते थे, लेकिन इस बार चार सौ रुपए से कम की कीमत की प्रतिमाएं नहीं हैं। गणेश चतुर्थी के लिए राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के हर छोटे से लेकर बड़े शहरों में बाजार गुलजार हैं। रायपुर में लगातार गणपति प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है। बाजार में भारी भीड़ है। जहां तक रायपुर की बात हैं तो यहां पर घरों में विराजमान किए जाने वाले छोटे गणपति की कीमत एक हजार से 8000 रुपए तक है। इसी के साथ कुछ छोटे गणपति 400 से 500 रुपए में भी बिक रहे हैं।

20 हजार से ज्यादा बड़े गणपति : प्रदेश में करीब 20 हजार गांव हैं। जानकारों के मुताबिक आमतौर पर हर छोटे गांव में एक सार्वजनिक समिति गणपति रखती है। इसी के साथ बड़े गांवों में दो से चार सार्वजनिक समितियों द्वारा गणपति रखा जाता है। बड़े शहरों में इसकी संख्या बहुत ज्यादा है। राजधानी रायपुर में 500 से ज्यादा समितियां बड़े गणपति रखती हैं। बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़ सहित बड़े शहरों में भी दो से तीन सौ सार्वजनिक समितियों द्वारा बड़े गणपति रखे जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा बड़े गणपति रखे जाते हैं। इनकी कीमत 50 हजार से लेकर पांच लाख तक है। गांवों और छोटे शहरों में जहां 50 हजार से एक लाख तक के गणपति रखे जाते हैं, वहीं बड़े शहरों में दो से पांच लाख तक वाले गणपति रखे जाते हैं। ऐसे में एक बड़े गणपति की औसत कीमत एक लाख भी मानी जाए तो 20 हजार गणपति के लिए 200 करोड़ होते हैं। श्री बजरंग नवयुवक मित्र मंडल हनुमान मंदिर गोलबाजार गणेशोत्सव समिति के संरक्षक केदारनाथ गुप्ता ने बताया उनकी समिति में तीन लाख रुपए की गणपति की प्रतिमा रखी जा रही है। इसी तरह से शहर की और समितियों की भी प्रतिमा की कीमत दो से तीन लाख है।

50 वर्ष में पहली ....

रविवार को प्रातः 7:08 बजे से हो चुका है। तृतीया तिथि का समापन 14 सितम्बर सोमवार को प्रातः 7:06 बजे होगा। तृतीया तिथि यदि द्वितीया से युक्त हो तो ग्राह्य नहीं होती है। चतुर्थी से युक्त तृतीया को ही उत्तम एवं शुद्ध माना गया है। 13 सितम्बर को सूर्योदय के समय द्वितीया तिथि विद्यमान थी। तृतीया तिथि रविवार को सुबह 7:08 बजे से प्रारम्भ हुई, इसलिए 13 सितम्बर की तृतीया तिथि द्वितीया युक्त थी। यही कारण है कि सोमवार की तृतीया तिथि को ही व्रत के लिए शुभकारी है और आज ही गणेश स्थापना के साथ तीज व्रत रखा जाएगा। इसके पूर्व 1976 में ऐसा संयोग निर्मित हुआ था, जब तीज व गणेश चतुर्थी एक ही दिन मनाई गई।

नवपंचम राजयोग दिलाएंगे सफलता : वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इस वर्ष गणेश चतुर्थी पर कई तरह के शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। इस बार 14 सितंबर से गणेश उत्सव के दौरान मालव्य, भद्र योग से लेकर हंस राजयोग और रवि योग का निर्माण हो रहा है। वहीं बुध और अरुण के संयोग से नवपंचम राजयोग का निर्माण हो रहा है। ये पंचयोग सभी तरह के कार्यों में शुभ फल प्रदान करने वाले सिद्ध होंगे।

चतुर्थी तिथि दो ....

14 सितंबर को हो रही है। वहीं, बप्पा का अंतिम विसर्जन यानी अनंत चतुर्दशी 25 सितंबर को है। पंचांग के अनुसार, तिथियों के घटने-बढ़ने (तिथि वृद्धि) की वजह से भक्तों को बप्पा की सेवा और आराधना करने के लिए इस बार सामान्य से अधिक दिन मिल रहे हैं। ऐसा दुर्लभ महासंयोग पूरे 9 साल बाद बना है।चतुर्थी तिथि के लंबे होने (तिथि वृद्धि) के कारण इस वर्ष गणपति आराधना के लिए एक दिन अधिक मिलेगा।

ब्रिक्स से मोदी ...

आगाह किया कि इससे साझा प्रगति और समृद्धि की राह में बाधा आ सकती है। मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के विकासशील देशों का ब्रिक्स पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि इस मंच पर उनकी आवाज सुनी जाती है, उनके अनुभवों को महत्व दिया जाता है और उनके लिए समाधान थोपे नहीं जाते, बल्कि उन्हें साझेदार बनाकर समाधान तैयार किए जाते हैं।

अब नेत्रहीन दिव्यांग ....

यह सूची उन दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण है, जो सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं। अब उन्हें केवल पद का नाम नहीं, बल्कि उसके सामने दर्ज दिव्यांगता कोड और कार्य की प्रकृति भी देखनी होगी।

मेडिकल बोर्ड की ....

लागू होंगे। इससे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा 25 सितंबर 2014 को इस संबंध में जारी अधिसूचना को अधिक्रमित कर दिया गया है। दिव्यांगजनों के लिए चिन्हित पदों की संशोधित सूची जारी की है। जिन विभागों के नए या संशोधित पदों का चिह्नांकन इस अधिसूचना में शामिल नहीं है, लेकिन वे 25 फरवरी 2026 की पूर्व अधिसूचना में शामिल हैं, उनके संबंध में पहले की सूची यथावत रहेगी।



पुतिन और जेलेंस्की की जी-20 सम्मेलन में नहीं होगी मुलाकात, रूस ने ठुकराया प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| मॉस्को



रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को समाप्त करने के राजनयिक प्रयासों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस ने मियामी में होने वाले आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय बैठक के प्रस्ताव को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। क्रेमलिन के आधिकारिक प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि जी-20 सम्मेलन में दोनों नेताओं की मुलाकात की संभावना पूरी तरह असंभव है।

शर्तों और आयोजन स्थल पर अटकी शांति वार्ता : यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच संघर्ष को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, कीव और मॉस्को वार्ता के लिए जरूरी शर्तों, सीमाओं और आयोजन स्थल को लेकर एक-दूसरे के धुर विरोधी बने हुए हैं। यूक्रेन जहां अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वैश्विक दबाव के जरिए बातचीत चाहता है, वहीं रूस केवल अपने कड़े नियमों के तहत मॉस्को में ही बात करने पर अड़ा है।

मॉस्को में मेजबानी के लिए तैयार- पेसकोव

जब पेसकोव से पूछा गया कि क्या क्रेमलिन मियामी के अलावा किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर बैठक पर विचार कर रहा है, तो उन्होंने साफ किया कि रूस की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पेसकोव ने कहा, उन्हें (जेलेंस्की) मॉस्को में मिलने की तैयारी और तत्परता है। रूस के इस रुख के बाद जी-20 सम्मेलन में व्लादिमीर पुतिन और जेलेंस्की के बीच युद्ध विराम को लेकर होने वाली उच्च स्तरीय मुलाकात की अटकलें खत्म हो गई हैं।

नागालैंड में जहरीली शराब से 9 की मौत, शराबबंदी पर गंभीर सवाल

कोहिमा। नागालैंड के तुएनसांग जिले में जहरीली शराब पीने से कम से कम 9 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। इस घटना के बाद पुलिस प्रमुख ने पूरे राज्य में रेड अलर्ट जारी कर दिया है। उन्होंने खासकर तुएनसांग, मोन, मोकोकचुंग और लोंगलेंग के लोगों से फिलहाल शराब से दूर रहने की अपील की है। इस दर्दनाक घटना की असली वजह जानने के लिए जांच जारी है।इस घटना ने नागालैंड शराब पूर्ण प्रतिबंध अधिनियम को एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है। दरअसल, यह कानून 1990 से राज्य में शराब से जुड़ी समस्याओं को रोकने के लिए लागू किया गया था। हालांकि, इस पर अक्सर यह आरोप लगते रहे हैं कि यह अवैध शराब के बाजार को बढ़ावा देता है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता। अब इस कानून पर दोबारा विचार करने की मांग उठ रही है।

बचाव अभियान जारी,103 लोगों को निकाला

हादसाः इंडोनेशिया में 243 लोगों को लेकर जा रहा जहाज समंदर में डूबा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडोनेशिया में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां पर खराब मौसम के दौरान 243 लोगों को लेकर जा रहा एक जहाज समंदर में लापता हो गया है। जानकारी सामने आने के बाद शुरू किए गए राहत एवं बचाव अभियान से 103 लोगों को निकाला गया है, जिसमें से 1 व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि 102 लोग सुरक्षित हैं।

बाकी लोगों की खोज की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह जहाज जावा सागर में लापता हुआ हुआ है। यह शनिवार को पूर्वी जावा के शहर सुराबाया से दक्षिण कालीमतन के लिए रवाना हुआ था। इंडोनेशिया की सर्च टीम ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्को ट्रांसपोर्ट 8 नामक यह जहाज 243 लोगों को लेकर पूर्वी जावा के शहर सुराबाया से निकला था। रविवार सुबह इसका बेस से संपर्क टूट गया। इसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया है। एक बचाव पोत को उस स्थान की ओर रवाना किया गया, जहां 'विर्गो ट्रांसपोर्ट 8' से आखिरी बार संपर्क हुआ था। पोत पर बड़ी संख्या में यात्री और चालक दल के सदस्य सवार होने के कारण सभी उपलब्ध कर्मियों और संसाधनों को तलाश अभियान में लगाया जा रहा है।

पद्मा नदी में बह रहे थे 10 बांग्लादेशी, बीएसएफ ने बचाई जान

नई दिल्ली। पद्मा नदी में तेज लहरों और पानी के तेज बहाव के कारण बांग्लादेशियों को ले जा रही एक नाव पलट गई। नदी की तेज धार में सभी नाव सवार बहने लगे जिसके बाद बीएसएफ ने 10 बांग्लादेशी नागरिकों को सुरक्षित बचा लिया। इनमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। सभी लोग बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले के रहने वाले हैं। नाव पलटने के बाद तेज नदी की धार में बह गए लोग किसी तरह तैरकर सुरक्षित जगह की ओर बढ़ने लगे। निगरानी के दौरान सतर्क बीएसएफ जवानों की नजर संघर्ष कर रहे लोगों पर पड़ी। इसके बाद मुर्शिदाबाद के लालगोला में तारानगर इलाके से स्पीड बोट भेजी गई और सभी को सुरक्षित किनारे लाया गया। बचाव के बाद सभी लोगों को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी व्यापारिक जहाज पर हमला; 1 की मौत, 3 घायल

एजेंसी ▶▶| तेहरान

होर्मुज जलडमरूमध्य में रविवार सुबह एक ईरानी व्यापारिक जहाज को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ने स्थानीय प्रशासन के हवाले से इस घटना की पुष्टि की है। इस घटना के बाद रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है।

होर्मुज जलडमरूमध्य में इस साल की शुरुआत से ही व्यापारिक जहाजों और युद्धपोतों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यह मौजूदा संकट पिछले कुछ महीनों से चल रहे सिलसिलेवार सैन्य टकरावों का हिस्सा है। 28 फरवरी को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद तेहरान ने होर्मुज से होने वाले जहाजों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया था।

अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों और तटीय क्षेत्रों में आने-जाने वाले जहाजों की कड़ी नाकेबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने हाल ही में दावा किया था कि उनकी सेनाओं ने ईरान के 5 कच्चे तेल के टैंकरों को नष्ट कर दिया। अमेरिका ने यह कार्रवाई ईरान द्वारा अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत पर 2 बैलिस्टिक मिसाइलें दागने के जवाब में की थी।

हमले में क्या हथियार उपयोग किया पता नहीं चला

ईरान के केश्म काउंटी गवर्नर हुसैन अमीर तैमूरी के अनुसार, जहाज को 13 सितंबर की सुबह स्थानीय समयानुसार 5 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे) ईरान के दक्षिणी हेंगाम और केश्म द्वीपों के तट के पास निशाना बनाया गया। जहाज पर किस तरह के हथियार से हमला किया गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है और जांच जारी है। इसमें चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हैं।

पेज एक के शेष

देवताओं की अनोखी अदालत...

और शक्तियों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर परंपरा के अनुसार फैसला सुनाया जाता है। इस वर्ष देवताओं की अदालत में कुल 157 मामले प्रस्तुत किए गए। इनमें से 35 मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह पूरी प्रक्रिया श्रद्धा, लोकविश्वास और पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था के बीच संपन्न होती है। बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु इस अनूठी परंपरा के साक्षी बनते हैं।

एक साल तक चलता है 'रिमांड'...

इस संबंध में भादो जात्रा के मुख्य पुजारी सरजू राम गौर ने बताया कि जात्रा के दूसरे दिन देवताओं की अदालत लगती है, जिसमें समाज के लिए हानिकारक माने जाने वाले देवी-देवताओं के मामलों की सुनवाई की जाती है। इस वर्ष कुल 157 मामले आए हैं, जिनमें 35 मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। उन्होंने बताया कि कुछ मामलों में संबंधित देवताओं को एक वर्ष तक रिमांड में रखा जाता है, जिसके बाद अगले वर्ष होने वाली भादो जात्रा में उनकी दोबारा सुनवाई कर अंतिम फैसला सुनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और इसमें समाज की आस्था एवं पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार निर्णय लिया जाता है।

आस्था के साथ सामाजिक...

लोकसंस्कृति और आदिवासी समाज की विशिष्ट मान्यताओं की अनूठी झलक प्रस्तुत करती है। जात्रा में आस्था और उत्सव का माहौल रहता है, वहीं दूसरे दिन होने वाली देवताओं की अदालत इसे एक अलग और विशिष्ट पहचान देती है।

एकलव्य स्कूल की छात्रा...

पर भी पीड़िता के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया, जिसका पीड़िता द्वारा विरोध किया गया। पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में महिला एवं बाल संबंधी अपराधों में त्वरित एवं संवेदनशील वैधानिक कार्रवाई के दिए गए निर्देशों के पालन में थाना शिकायत के आधार पर थाना भोपालपटनम में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम, 2012 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा विवेचना जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक भोपालपटनम एसडीएम यशवंत कुमार नाग ने इस मामले में अन्य छात्राओं के भी बयान लिए हैं। वे कल 14 सितंबर को कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे।

दोषी किसी भी सूरत में ...

बालिका छात्रावासों, आश्रमों और आवासीय विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाए। कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि इन संस्थानों में सुरक्षा संबंधी निर्धारित व्यवस्थाओं और प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन हो रहा है। छात्रावासों में अधीक्षकों एवं अन्य जिम्मेदार कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तथा बच्चों की शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की भी समीक्षा की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बच्चों से जुड़ी शिकायतों के मामले में केवल शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई करने तक व्यवस्था सीमित नहीं रहनी चाहिए। नियमित निरीक्षण, सतत संवाद और प्रभावी निगरानी के माध्यम से ऐसी परिस्थितियों को पहले ही पहचानने और रोकने की व्यवस्था विकसित की जाए। विद्यालय एवं छात्रावास प्रबंधन को भी यह स्पष्ट रूप से बताया जाए कि बच्चों की सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की उदासीनता गंभीरता से ली जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार, उत्पीड़न अथवा उन्हें डराने-धमकाने जैसी किसी भी शिकायत की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय के साथ तत्काल कार्रवाई करें।

नई स्कार्पियो के साथ...

तीन किमी पैदल चलकर पुलिस ने पकड़ा। जब्त गांजा की कीमत 69 लाख रुपए आंकी गई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक थार एक स्कोर्पियो वाहन काफी तेजी से आ रही थी। वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद भोर में 5.30 बजे बेरिकेडिंग लगाकर घेराबंदी की गई। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को पकड़ा जबकि एक फरार हो गया।

2029 से पहले ...

लेकर आश्वस्त हैं कि साल 2029 के पहले भाजपा शासित सभी 21 प्रदेशों में समान नागरिक संहिता लागू करने में सफल होंगे।

राशिफल

मेष — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

विवाह सूचना का प्रकाशन

क्रमांक क/ / वाचक/ अति-कले / 2026, बिलासपुर, दिनांक 03.09.2026

आवेदक श्री अरूण बंजारे आत्मज श्री देव कुमार बंजारे, उम्र 30 वर्ष निवासी - सकरी, थाना विधानसभा तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

एवं

आवेदिका कुमारी पुजा खाण्डे आत्मजा स्व. सुरेन्द्र खाण्डे उम्र 26 वर्ष निवासी कोरमी, थाना सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनाँक 08.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

शिव कुमार बनर्जी
अतिरिक्त कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

मुहर

शब्द पहेली - 6347



बाएँ से दाएँ
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

ऊपर से नीचे
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति, धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

शब्द पहेली- 6346 का हल

ल	ब	■	ब	स	■	धा	ग	■	ह	ग
व	ह	म	■	ब	म	■	ना	ला	■	ह
■	न	म	न	■	जा	न	■	र	मा	■
ना	■	ता	क	त	■	शा	न	■	ता	त
क	मी	■	ल	ल	ना	■	म	न	■	न
■	न	ख	■	वा	च	क	■	ल	क्ष	■
स	■	र	वा	■	ना	म	क	■	मा	दा
खा	द	■	त	र	■	र	ह	न	■	म
■	म	क्त	■	मा	न	■	वा	ह	क	■
दा	■	र	स	■	था	र	■	र	च	ना
स	दा	■	व	क्षु	■	न	भ	■	ग	ल

सूडोकु नवताल- 6357

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6356 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1



शेफाली-स्मृति का तूफान, श्रीचरणी और दीप्ति का कहर

एजेंसी ▶▶| दुबई

शेफाली वर्मा और उप कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतकों के बाद श्रीचरणी और दीप्ति शर्मा की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने गत चैंपियन श्रीलंका को 72 रन से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया सलामी बल्लेबाज शेफाली (68) और मंधाना (59) ने महज 77 गेंद में 129 रन की साझेदारी कर भारत को 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन तक पहुंचाया।

श्रीलंकाई गेंदबाजों ने पारी के अंतिम चरण में भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया, लेकिन वे भारतीय गेंदबाजों की फिरकी और विविधता का सामना नहीं कर सके। श्रीचरणी ने 20 रन देकर विकेट और दीप्ति ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू (32 गेंद में 36 रन) टीम के लिए एकमात्र उम्मीद दिख रही थी। उन्होंने विष्मी गुणरत्ने के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 10वें ओवर में दोनों को आउट कर श्रीलंका की उम्मीदों को करारा झटका दिया।

भारत ने श्रीलंका को दी शिकस्त



स्मृति और शेफाली की दमदार बैटिंग : फाइनल में रविवार को शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की ओपनिंग जोड़ी ने शतकीय साझेदारी करके शानदार शुरुआत दिलाई। शेफाली वर्मा ने 39 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के की मदद से 68 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 174.36 का रहा। स्मृति मंधाना ने 39 गेंद पर 5 चौके और 3 छक्के की मदद से 59 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 151.28 का रहा।

महिला टी20 एशिया कप में सबसे तेज अर्धशतक (गेंदों के हिसाब से)

24 – शेफाली वर्मा (भारत) बनाम श्रीलंका, दुबई, 2026।
25 – स्मृति मंधाना (भारत) बनाम श्रीलंका, सिलहट, 2022।
26 – ऋचा घोष (भारत) बनाम यूएई, दांबुला, 2024।
26 – शेफाली वर्मा (भारत) बनाम नेपाल, दांबुला, 2024।
26 – शेफाली वर्मा (भारत) बनाम थाईलैंड, दुबई, 2026।

शेफाली ने ध्वस्त किया स्मृति का रिकॉर्ड

महिला टी20 एशिया कप में शेफाली वर्मा का बल्ले से जबरदस्त फॉर्म देखने को मिला है, जिसको वह फाइनल मैच में भी जारी रखने में कामयाब रहीं। शेफाली के बल्ले से श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ खिताबी मैच में 68 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली, जिसमें उन्होंने सिर्फ 39 गेंदों का सामना किया। शेफाली ने इस मैच में जब अपनी फिफ्टी सिर्फ 24 गेंदों में पूरी की तो वह स्मृति मंधाना के रिकॉर्ड को ध्वस्त करने में कामयाब हो गईं जिन्होंने इससे पहले महिला टी20 टूर्नामेंट में सबसे तेज फिफ्टी लगाई थी। मंधाना ने साल 2022 में टूर्नामेंट के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ ही 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया था, जिसको अब शेफाली ने 24 गेंदों में फिफ्टी पूरी करने के साथ तोड़ दिया है।

रायबाकिना बनीं यूएस ओपन चैंपियन, तोड़ी सबालेंका की हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

एलेना रायबाकिना ने सेमीफाइनल में पहुंचकर एरिना सबालेंका से विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान छीना लेकिन वह यहीं पर नहीं रुकी और उन्होंने पिछली दो बार की चैंपियन को फाइनल में तीन सेट में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब भी अपने नाम कर दिया।

रायबाकिना को जिस टूर्नामेंट में लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था आखिर में उसी में उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता हासिल की। रायबाकिना ने सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन में अपना पहला खिताब जीता। इस तरह से उन्होंने सबालेंका की खिताबी हैट्रिक पूरी करने की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया।

महिला एकल में आखिरी बार सेरेना विलियम्स (2012 से 2014) यह कारनामा कर पाई थी।

रायबाकिना ने सबालेंका से नंबर एक का स्थान छीना

एलेना ने पहली बार जीता अमेरिकी ओपन का खिताब

पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी

भारत ने छठी बार जीता खिताब



एजेंसी ▶▶| मोकी

भारत ने रविवार को फाइनल में कोरिया पर 4-1 से जीत से अपना पुरुष जूनियर एशिया कप खिताब बरकरार रखते हुए विश्व कप में जगह पक्की की। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार यह महाद्वीपीय खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2004, 2008, 2015, 2023 और 2024 में खिताब जीते थे। इस छठी जीत ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम के तौर पर अपने स्थान को और मजबूत किया है।

अजीत यादव ने नौवें मिनट में डिफ्लेक्शन के जरिए गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। कप्तान अनमोल एक्का ने 13वें मिनट में मिले मौके को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। कोरिया को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय डिफेंस ने कोरियाई हमले को नाकाम कर दिया। फिर भारत ने 21वें मिनट में अपना तीसरा गोल किया, जिसमें प्रभदीप सिंह ने शानदार फिनिश के साथ गेंद को नेट में पहुंचाया।

चीनी दीवार को तोड़कर महिला टीम ने लगाई खिताबी हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| मोकी

सानिका चंद्रकांत माने के गोल की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार एएचएफ जूनियर एशिया कप का खिताब अपने नाम करते हुए जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। गत चैंपियन भारत के लिए सानिका ने 17वें मिनट में निर्णायक गोल किया। खिताबी मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमें गेंद पर पकड़ बनाने के लिए संघर्ष करते दिखी। चीन ने अधिक समय तक गेंद अपने कब्जे में रखते हुए भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने धैर्य बनाए रखा और शुरुआती दबाव को अच्छी तरह झेला।

तीसरे क्वार्टर में चीन का आक्रामक रुख

तीसरे क्वार्टर में चीन ने अधिक आक्रामक रुख अपनाया और सात मिनट बाद बराबरी के करीब पहुंच गया। बेसलाइन से चीन के खिलाड़ी ने बेहतरीन मूव बनाते हुए गोल के सामने खतरनाक कट-बैक दिया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने खतरे को भांपते हुए समय रहते गेंद को नियंत्रित कर लिया।

टीम इंडिया ने 7 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

अभिषेक के 'छक्कों' से गूंजा मैदान अफगान पर भारत की आसान जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने अर्शदीप सिंह की सटीक गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा (82 रन) के धमाकेदार अर्धशतक से पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में अफगानिस्तान पर 7 विकेट की आसान जीत से 3 मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अभिषेक ने 32 गेंद की आक्रामक पारी के दौरान 7 छक्के और इतने ही चौके जमाए। उन्होंने ईशान किशन (42 रन, पांच चौके, एक छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 गेंद में 121 रन की शतकीय साझेदारी निभाई, जिससे भारत ने 157 रन का लक्ष्य महज 13.4 ओवर में 3 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

इससे पहले अर्शदीप ने अपनी गेंदबाजी में 'वैरिएशन' से 19 रन देकर 3 विकेट झटके, जिससे अफगानिस्तान की टीम बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद 8 विकेट गंवाकर 156 रन ही बना सकी। भारतीय टीम ने संजू सैमसन (10 रन) के रूप में एकमात्र विकेट तीसरे ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर गंवाया। उमरजई की गुड लेंथ गेंद पर पिक अप शॉट खेलने के प्रयास में सैमसन डीप स्क्वायर लेग में दार्विश रसूली को कैच थमा बैठे।



सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले बल्लेबाज

3386 : फिन एलन	3681 : टिम डेविड
3420 : अभिषेक शर्मा*	3857 : विल जैक्स
3550 : आंद्रे रसेल	3857 : फिल साल्ट

अभिषेक के टी20 में 3 हजार रन पूरे

अभिषेक ने अपनी इस पारी में 256 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 7 चौके और इतने ही छक्के लगाए। अभिषेक ने टी20 क्रिकेट में 3 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। वह गेंदों के लिहाज से दूसरे सबसे तेज 3 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बने हैं। अभिषेक ने यह उपलब्धि 3,420 गेंदें खेलकर पूरी कीं। इस लिस्ट में भारतीय बल्लेबाज से आगे सिर्फ न्यूजीलैंड के फिन एलेन हैं, जिन्होंने यह मुकाम 3,386 गेंदें खेलकर हासिल किया है। अभिषेक ने इस मामले में आंद्रे रसेल और टिम डेविड को पीछे छोड़ा।

बुमराह की भुवनेश्वर-चहल के क्लब में एंट्री

जसप्रीत बुमराह ने टी20 क्रिकेट में लंबे समय के बाद वापसी की। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 इंटरनेशनल में लौटते ही उन्होंने कमाल किया और अपने पहले ओवर में ही विकेट झटका। उन्होंने अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज को शून्य पर पवेलियन भेजा। यह बुमराह का टी20 में 350वां विकेट था। उन्होंने इसी के साथ भुवनेश्वर कुमार और युजवेंद्र चहल के क्लब में एंट्री कर ली है।

पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में बजा 'वंदे मातरम'

भारत-अफगानिस्तान टी20 मुकाबले से पहले रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में पहली बार राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बाद राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' बजाया गया। यह पहली बार है जब किसी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की शुरुआत से पहले इस तरह का ऐतिहासिक अवसर देखने को मिला। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम' के सभी छह छंद केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुसार अरुण जेटली स्टेडियम में बजाए गए। राष्ट्रगान करीब 52 सेकेंड और राष्ट्रगीत तीन मिनट 10 सेकेंड का रहा। दोनों को मिलाकर कुल चार मिनट दो सेकेंड का समय लगा।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान	रन	गेंद	4	6
गुरबाज का अभिषेक बो बुमराह	00		0	0
जदरान का रन आउट	11	10	2	0
सेदिकुल्लाह का बुमराह बो अर्शदीप	13	13	1	1
नईब का नीतीश कुमार बो पटेल	02	6	0	0
रसूली बो वरुण चक्रवर्ती	02	6	0	0
उमरजई नाबाद	64	44	4	4
मोहम्मद नबी बो अर्शदीप	33	27	2	2
राशिद का पटेल बो अर्शदीप	01	10	0	0
नूर अहमद रन आउट	00	1	0	0
मुजीबुर रहमान नाबाद	09	3	2	0

अतिरिक्त : 21 कुल योग : 20 ओवर में 156/8 रन

गेंदबाजी : जसप्रीत बुमराह 4-0-26-1, अर्शदीप सिंह 4-0-19-3, अक्षर पटेल 4-0-27-1, वरुण चक्रवर्ती 4-0-16-1, नीतीश कुमार रेड्डी 2-0-30-0, अभिषेक शर्मा 1-0-8-0, शिवम दुबे 1-0-21-0.

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन का रसूली बो उमरजई	10	8	2	0
अभिषेक का राशिद बो नबी	82	32	7	7
ईशान का राशिद बो नबी	42	33	5	1
श्रेयस अय्यर नाबाद	08	5	1	0
तिलक वर्मा नाबाद	03	4	0	0

अतिरिक्त : 12 कुल योग : 13.4 ओवर में 157/3 रन

गेंदबाजी : फजलहक फारूकी 2-0-38-0, मुजीबुर रहमान 2-0-16-0 , अजमतुल्लाह उमरजई 1-0-14-1, मोहम्मद नबी 3-0-28-2, राशिद खान 3.4-0-34-0, नूर अहमद 2-0-25-0.

साउथ अफ्रीका ने नामीबिया को 9 विकेट से दी करारी शिकस्त

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नामीबिया को तीसरे वनडे मुकाबले में 9 विकेट से रौंदा। नामीबिया से मिले 157 रनों के लक्ष्य को साउथ अफ्रीका ने सिर्फ 21.3 ओवर में महज एक विकेट खोकर हासिल किया। साउथ अफ्रीका ने इस जीत के साथ ही तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रोटियाज टीम की शुरुआत शानदार रही। कॉनर एस्टरहुइजेन और जॉर्डन हरमन ने पहले विकेट के लिए 20.6 ओवर में 150 रन जोड़े। हरमन 59 गेंदों में 77 रन बनाकर आउट हुए।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बहिनी मन ला वंदन
नारी शक्ति के अभिनंदन
तीजा एवं गणेश चतुर्थी
की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



आस्था और सौभाग्य के लोकपर्व
तीजा पर नारी शक्ति को नमन

महतारी वंदन योजना

68 लाख
महिलाओं के खाते में अब तक
₹20,075 करोड़ अंतरित

लखपति दीदी

प्रदेश की **13.85 लाख**
से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी

संपत्ति में बढ़ी महिलाओं की हिस्सेदारी

जमीन की रजिस्ट्री में महिलाओं
को पंजीयन शुल्क में
50% की छूट

सखी वन स्टॉप सेंटर

तत्काल परामर्श एवं
कानूनी सहायता हेतु
42 केंद्र संचालित

महतारी सदन

सुविधा एवं सशक्तीकरण हेतु बनाए जा रहे
481 महतारी सदन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु
₹50 हजार की सहायता

महिला श्रमिकों को स्वरोजगार

श्रमिक दीदियों को **ई-रिक्शा सहायता**
से स्वरोजगार को बढ़ावा

'महतारी गौरव वर्ष', सशक्त महिलाएं, समृद्ध छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in


जब घुटना, कंधा या कमर दर्द सताए
तो आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट ही अपनाएं
'डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल' आज ही ले आएं
घुटना दर्द
कंधा दर्द
कमर दर्द
कलाई दर्द
यहाँ से भी खरीदें amazon | Flipkart | blinkit | zepto
अब दर्द भी घुटने टेकेगा...
10 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों व सत्वों के योग से निर्मित डा. ऑर्थो स्ट्रांग तेल जोड़ों के अंदर तक समाकर दर्द को कम करने में विशेष सहायता करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं लम्बे समय तक बना रहता है।
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
24x7 Helpline: 7876977777 • www.drorthooil.com
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.

इंसानों से भी वीआईपी लाइफ जीती हैं इस मॉडल की 4 बिल्लियां



शिकागो। शिकागो की रहने वाली 28 साल की मॉडल कैमी चैन हर महीने लगभग 50,000 पाउंड (लगभग 65 लाख रुपए) की तगड़ी कमाई करती हैं। अगर वह चाहतीं तो अपनी कमाई से दुनिया भर के डिजाइनर कपड़े, महंगे वेकेशन और सुपरकार खरीद सकती थीं। लेकिन, उनका कहना है कि उन्हें इन सब चीजों से ज्यादा खुशी अपनी चार बिल्लियों आर्टेमिस, केरिगन, जूपियर और मरकरी की देखभाल करने में मिलती है। ऑनलाइन सफलता मिलने के बाद उन्होंने सबसे पहले एक शुद्ध नस्ल की रैगडॉल बिल्ली ही खरीदी थी। कैमी अपनी इन चारों बिल्लियों पर हर महीने 2,000 पाउंड (करीब 2.5 लाख रुपए) से ज्यादा खर्च करती हैं। इस बजट में बिल्लियों का प्रीमियम खाना, लिटर, ग्रूमिंग, रेगुलर मेडिकल चेक-अप और उनके ढेर सारे खिलौने शामिल हैं।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

सुकून

दुनिया के इन देशों पर आज तक नहीं हुआ हमला

न कोई हमला, न युद्ध का खौफ, इन देशों में शांति से गुजर रही लोगों की जिंदगी!

दुनिया के कई हिस्सों में इस समय तनाव और संघर्ष का माहौल है। कहीं मिसाइलें दागी जा रही हैं तो कहीं लोग डर के साए में अपने घर छोड़ने को मजबूर हैं। लेकिन, इसी दुनिया में कुछ ऐसे छोटे-छोटे देश भी हैं, जहां जिंदगी बिल्कुल अलग अंदाज में चल रही है। इन देशों की सबसे खास बात यह है कि इन्होंने लंबे समय से खुद को बड़े सैन्य संघर्षों से दूर रखा है।

दुनिया में इस समय कई जगहों पर संघर्ष चल रहे हैं। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित की है। वहीं मिडिल ईस्ट में इजरायल और गाजा के बीच संघर्ष ने भी हालात को बेहद गंभीर बना दिया है। इन संघर्षों का असर सिर्फ युद्ध वाले इलाकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी वजह से दुनिया के कई हिस्सों में सुरक्षा, कारोबार और अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ जाती है।

आखिर इन देशों की जिंदगी इतनी शांत क्यों है?

इन देशों का छोटा आकार, भौगोलिक स्थिति, कूटनीति और दूसरे देशों के साथ शांतिपूर्ण रिश्ते उनकी सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि इन देशों ने इतिहास में कभी कोई राजनीतिक या सैन्य तनाव नहीं देखा। फिर भी आज की युद्धग्रस्त दुनिया में लिकटेंस्टीन, सैन मैरिनो और अंडोरा जैसे देश इस बात के उदाहरण हैं कि कुछ देश लंबे समय तक बड़े सैन्य संघर्षों से खुद को दूर रखने में सफल रहे हैं।



इसी दुनिया में है एक बेहद शांत देश

युद्ध और तनाव के बीच यूरोप का छोटा सा देश लिकटेंस्टीन अपनी अलग पहचान रखता है। स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया के बीच पहाड़ों में बसा यह देश आकार में छोटा है, लेकिन अपनी शांति और सुरक्षा के लिए जाना जाता है। लिकटेंस्टीन पर आधुनिक इतिहास में किसी बड़े विदेशी सैन्य हमले का सामना नहीं करना पड़ा। यही वजह है कि यहां की जिंदगी दूसरे युद्धग्रस्त इलाकों से बिल्कुल अलग नजर आती है। लिकटेंस्टीन की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां स्थायी सेना भी नहीं है। साल 1868 में देश ने अपनी सेना को खत्म कर दिया था। इसके बाद से लिकटेंस्टीन ने अंतरराष्ट्रीय विवादों से दूरी बनाए रखी और अपनी तटस्थ नीति पर जोर दिया। यही कारण है कि यूरोप में कई बड़े संघर्ष होने के बावजूद यह देश लंबे समय तक उनसे दूर रहा।

सैन मैरिनो और अंडोरा भी रहा बड़े युद्धों से दूर

लिकटेंस्टीन के अलावा सैन मैरिनो भी यूरोप का एक छोटा और खास देश है। यह पूरी तरह इटली से घिरा हुआ है और दुनिया के सबसे पुराने गणराज्यों में गिना जाता है। सैन मैरिनो ने अपनी कूटनीति के जरिए लंबे समय तक बड़े अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से दूरी बनाए रखी। देश का छोटा आकार और शांतिपूर्ण नीति भी इसकी सुरक्षा में अहम रही है। एक और नाम अंडोरा का है, जो फ्रांस और स्पेन के बीच पाइरेनीज पर्वतों में बसा हुआ है। पहाड़ों से घिरे इस छोटे से देश की अपनी अलग पहचान है। अंडोरा का इतिहास भी बड़े सैन्य संघर्षों से काफी हद तक दूर रहा है। देश ने अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखे हैं और इसी वजह से यहां लंबे समय से सुकून भरा माहौल देखने को मिलता है।



बाइक से भी पतली है ये अनोखी कार



रोम। क्या आपने कभी ऐसी कार देखी है जो बाइक से भी पतली हो? इटली के एक जुगाड़ू मैकेनिक ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है कि देखने वाले दंग रह गए हैं। इस बंदे ने 1993 की पुरानी फिएट पांडा कार को बीच से ऐसा काटा-छांटा कि उसे दुनिया की सबसे पतली कार बना डाला। उत्तरी इटली के रहने वाले मैकेनिक एंड्रिया माराजी ने अपनी इस पुरानी कार की चौड़ाई घटाकर सिर्फ एक तिहाई कर दी है। मजेदार बात यह है कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने भी इसे दुनिया की सबसे संकरी कार मान लिया है। इस अजीबोगरीब कार की चौड़ाई महज 50.20 सेंटीमीटर है, जबकि लंबाई 3.40 मीटर और ऊंचाई 1.45 मीटर है। एंड्रिया को इसे तैयार करने में पूरे 12 महीने लगे, जिसमें उन्होंने जीतोड़ कटिंग और वेल्डिंग की है।


PRADIKSHA HERBAL दर्द अनेक, उपचार एक!
प्रदिक्षा आर्थो ऑयल
Ortho Oil
50 ML
घुटने का दर्द, साइटिका, गाठिया, हड्डियों का दर्द, मांसपेशियों में सूजन, जकड़न, आमवात, संधिवात और मोच में भी लाभदायक एक बार अवश्य आजमायें।
Custmer Care - 9112637000, 9823286830


हर्निया
अपने आप ठीक नहीं होता
आधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से उपचार संभव।
डॉ. विवेक केशरवानी
लैप्रोस्कोपिक एवं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी विशेषज्ञ
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, रायपुर
Ajay 9827144371


Hero
HF-Deluxe
बाइक दमदार
दाम शानदार
ऑनरोड कीमत ₹73 499/-
(सेल्फ़-स्टार्ट)
कम डाउन पेमेंट | ₹5 999/-
Hero GoodLife
चांदी का सिक्का जीतने का मौका*
pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक#
टोल फ्री 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 15th Sep. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो, 9289922351, आरसन हीरो, 9289922864, राजधानी हीरो, 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो, 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो, 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो, 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो, 9289922623, बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो, 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो, 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो, 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो, 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो, 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो, 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो, 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो, 9289923114, उत्सव हीरो (स्टेशन रोड), 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील, 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़, 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी, 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स, 9754069392, लवनः गणपति ऑटो, 9926601111/9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्स, 8462900028/9340005833, गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458/7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्स, 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स, 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटो, 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स, 9165525555/9009866899, राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स, 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स, 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो, 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स, 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स, 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो, 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो, 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर, 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स, 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो, 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स, 9893199247, झगरंडीः किरन ऑटोकेयर, 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स, 9425594144, बेरलाः कोन्हा मोटर्स, 98931058752/ 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स, 9425511973, बालोदः नैन ऑटोकेयर, 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स, 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर, 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स, 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो, 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी, 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स, 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000/9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरूदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, डरपिनार- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहारा पादरः गोविंद ऑटो केयर , 9303664769, कुडकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, लाखोलीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सालेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारागांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसीवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, चारामाः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुड़िहारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह), 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला): इंडियन हीरो, 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह), 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा), 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स, 2226732/7474, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो, 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो, 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो, 9289922983.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com